NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
विजडम इंडिया
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 27 लखनऊ, रविवार 14 सितंबर 2025 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

पीएम मोदी ने मिजोरम में विकास और मणिपुर में विश्वास की नई पटरियाँ बिछाई

मिजोरम के लिए बैराबी–सैरंग रेलवे लाइन का उद्घाटन ऐतिहासिक है। 45 सुरंगों और दर्जनों पुलों से होकर गुजरने वाली यह रेल परियोजना केवल तकनीकी चमत्कार नहीं, बल्कि आर्थिक जीवनरेखा है। मिजोरम अब सीधे दिल्ली, कोलकाता और गुवाहाटी से जुड़ गया है।

मणिपुर एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मणिपुर और मिजोरम यात्राएँ केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं थीं, बल्कि इन्हें पूर्वोत्तर भारत के भविष्य की दृष्टि से एक निर्णायक कदम माना जाना चाहिए। जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर को करोड़ों रुपए के विकास की सौगात देकर प्रधानमंत्री ने राज्य को विकास की राह पर बढ़ने के लिए प्रेरित किया तो दूसरी ओर मिजोरम को पहली बार राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़कर नई आर्थिक संभावनाओं के द्वार खोले। मणिपुर की बात करें तो मई 2023 से चली आ रही जातीय हिंसा ने राज्य की सामाजिक संरचना को झकझोर दिया। हजारों लोग विस्थापित हुए, सैकड़ों ने अपनी जान गंवाई और विश्वास की दीवारें दरक गईं। ऐसे समय में प्रधानमंत्री का राहत शिविरों तक पहुँचना और पीड़ित परिवारों से सीधे संवाद करना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि विश्वास बहाली की ठोस पहल है। जब देश का शीर्ष नेतृत्व प्रभावित समुदायों की आँखों में आँखें डालकर आश्वासन देता है, तो लोगों को भरोसा होता है कि सरकार उनके साथ खड़ी है। मोदी ने स्पष्ट कहा कि विकास की पहली शर्त शांति है। देखा जाये तो प्रधानमंत्री के इस संदेश का असर संघर्षरत गुटों तक पहुँचना स्वाभाविक है। यदि संवाद और पुनर्वास की प्रक्रिया ईमानदारी से आगे बढ़ी तो मणिपुर में स्थायी शांति की नींव रखी जा सकती है। निस्संदेह, इस यात्रा से लोगों का विश्वास सरकार पर बढ़ा है और उन्हें लगता है कि उनकी पीड़ा अब उपेक्षित नहीं रहेगी।दूसरी ओर मिजोरम के लिए बैराबी–सैरंग रेलवे लाइन का उद्घाटन ऐतिहासिक है। 45 सुरंगों और दर्जनों पुलों से होकर गुजरने वाली यह रेल परियोजना केवल तकनीकी चमत्कार नहीं, बल्कि आर्थिक जीवनरेखा है। मिजोरम अब सीधे दिल्ली, कोलकाता और गुवाहाटी से जुड़ गया है। इसका अर्थ है– रोजगार और व्यापार के नए अवसर, पर्यटन में भारी बढ़ोतरी, खाद्यान्न व आवश्यक वस्तुओं की आसान आपूर्ति और सबसे महत्वपूर्ण, पूर्वोत्तर को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से स्थायी जुड़ाव। यह परियोजना ष्एक्ट ईस्टष नीति को गति देगी और मिजोरम को दक्षिण–पूर्व एशिया के साथ जोड़कर अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए भी तैयार करेगी। प्रधानमंत्री ने मिजोरम से जो संदेश दिया उसकी गूँज पूरे देश तक पहुँची है। बहरहाल, प्रधानमंत्री की मणिपुर की यात्रा से यह संदेश गया कि सरकार केवल नीतियों से नहीं, बल्कि संवेदनशील संवाद से भी शांति ला सकती है। वहीं मिजोरम की रेल परियोजना ने दिखा दिया कि पूर्वोत्तर अब उपेक्षित नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा का इंजन बनने जा रहा है। इस दौरे का सबसे बड़ा महत्व यही है कि प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर को केवल सीमांत भूगोल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और विकास का केंद्र मानते हुए वहाँ विश्वास और विकास दोनों की नई पटरियाँ बिछाई हैं।

अयोध्या में पहले से भी दिव्य होगा इस बार का दीपोत्सव, 10 मिनट तक होगी भव्य आतिशबाजी

लखनऊ /अयोध्या

अयोध्या में इस बार का दीपोत्सव पहले से भी भव्य और दिव्य होगा। 10 मिनट तक भव्य आतिशबाजी होगी। फ्रांस के बैस्टिल डे और ब्रिटेन की गाई फॉक्स नाइट की तर्ज पर प्रदूषण मुक्त ग्रीन आतिशबाजी शो मुख्य आकर्षण होगा। रामनगरी अयोध्या में इस बार का दीपोत्सव कई मायने पर पहले से भव्य व दिव्य होगा। 19 अक्तूबर को होने वाले दीपोत्सव में पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए प्रदूषणमुक्त ग्रीन आतिशबाजी शो आयोजित किया जाएगा। 14 वर्षों के वनवास के उपरांत प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन की खुशी में सरयू नदी का आकाश आतिशबाजी से आलोकित होगा। इसी कड़ी में 10 मिनट तक कोरियोग्राफ्ड ग्रीन एरियल आतिशबाजी शो मुख्य आकर्षण होगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।पर्यटन मंत्री ने बताया कि विभाग ने भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की दिव्य अनुभूति कराने के लिए पूरे शहर को भव्य रूप से सजाने–संवारने की योजना बनाई है। इस वर्ष दीपोत्सव में सरयू घाटों पर 26 लाख से अधिक मिट्टी के दीप प्रज्ज्वलित होंगे और नदी तट को विशेष सजावट से संवारकर आकर्षक बनाया जाएगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ–साथ पूरा शहर झिलमिलाती रोशनियों से आलोकित होगा।कंप्यूटराइज्ड तकनीक से होगी संचालितजयवीर सिंह ने बताया कि पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो को कई किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता है। यह आतिशबाजी सरयू नदी की शांत लहरों पर चमकदार परछाइयों के साथ अद्भुत दृश्य उत्पन्न करेगी। यह शो 10 मिनट का होगा। इसे पूरी तरह कंप्यूटराइज्ड तकनीक से संचालित किया जाएगा। शो का डिजाइन अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों

बिहार की सियासत में तेजस्वी का बड़ा दांव, अधिकार यात्रा से साधेंगे 2025 का लक्ष्य

तेजस्वी यादव 16 से 20 सितंबर तक अपनी बिहार अधिकार यात्रा शुरू कर रहे हैं, जो 2025 विधानसभा चुनाव से पहले जनता से जुड़ने का एक अहम प्रयास है। इस पाँच दिवसीय यात्रा में वे 10 जिलों से गुजरते हुए राज्य की विफल

पटना एजेंसी। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एक नए जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करने वाले हैं। उनकी बिहार अधिकार यात्रा 16 सितंबर को जहानाबाद से शुरू होकर 20 सितंबर को वैशाली में समाप्त होगी, जो पाँच दिनों में 10 जिलों से होकर गुजरेगी। इस यात्रा के दौरान, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, यात्रा के मार्ग में पड़ने वाले कई निर्वाचन क्षेत्रों में जनसंवाद के माध्यम से मतदाताओं से जुड़ेंगे। राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, संबंधित जिलों के पार्टी सांसदों, विधायकों, जिला अध्यक्षों और नेताओं को इस अभियान में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। नियोजित मार्ग तेजस्वी को जहानाबाद से नालंदा, पटना, बेगुसराय, खगड़िया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल और समस्तीपुर होते हुए वैशाली तक ले जाएगा। यह पहल पिछले महीने हुई मतदाता अधिकार यात्रा के बाद की गई है, जिसमें यादव कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मतदाता सूची संशोधन से जुड़े मुद्दों पर प्रचार करने के लिए शामिल हुए थे। यह 15 दिवसीय यात्रा 17 अगस्त को सासाराम से शुरू हुई और 1 सितंबर को पटना में समाप्त हुई, जिसमें 20 जिलों में 1,300 किलोमीटर की यात्रा की गई। तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को बिहार की विफल कानून–व्यवस्था पर तीखा हमला बोला और राज्य में भ्रष्टाचार की मौजूदा स्थिति पर जोर दिया। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि बिहार में अपराध दर अपने चरम पर है और कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने खरौली विधायक के ड्राइवर की हत्या जैसी घटनाओं का हवाला देते हुए दावा किया कि बिहार में अपराध चरम पर है। उन्होंने इंजीनियरों के घरों से नकदी बरामदगी को व्यापक भ्रष्टाचार का सबूत बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने और उनका हौसला बढ़ाने का आरोप लगाया।

ममता ने सुशीला कार्की को नेपाल के प्रधानमंती पद की शपथ लेने पर बधाई दी

सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के बाद देशव्यापी आंदोलन के कारण के पी शर्मा ओली सरकार के इस्तीफा देने के लिए मजबूर होने के बाद कई दिन से जारी राजनीतिक अनिश्चितता का अंत हो गया।

एजेंसी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को नेपाल में अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर सुशीला कार्की को बधाई दी। नेपाल की पूर्व प्रधान न्यायाधीश कार्की शुक्रवार रात अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने वाली देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बन गईं।इसके साथ ही, सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के बाद देशव्यापी आंदोलन के कारण के पी शर्मा ओली सरकार के इस्तीफा देने के लिए मजबूर होने के बाद कई दिन से जारी राजनीतिक अनिश्चितता का अंत हो गया। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''मैं माननीय श्रीमती सुशीला कार्की को नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। पश्चिम बंगाल की सीमाएं नेपाल से लगती हैं और दोनों देशों के लोगों के बीच घनिष्ठ संबंध हैं। हम पड़ोसी देशों के रूप में मित्रता एवं सहयोग के गहरे संबंधों को और मजबूत करने के लिए तत्पर हैं।'' राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने ओली के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के तीन दिन बाद शुक्रवार शाम 73 वर्षीय कार्की को पद की शपथ दिलाई।

बैज बस्तर के विकास के लिए ब्रिज नहीं, बैरियर हैं- संतोष पाडेय

भाजपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता संतोष पाण्डेय ने कहा कि कुछ सवाल हैं जिन्हें लेकर हमेशा कांग्रेस और दीपक बैज बचते हैं। लोहंडीगुड़ा दीपक बैज का विधानसभा क्षेत्र रहा है, जहाँ से जनता ने उन्हें बिदा कर दिया।

रायपुर।

भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सतत प्रयासों से छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदल रही है। संतोष पाण्डेय शनिवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे।भाजपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता संतोष पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए हम अविभाजित मध्यप्रदेश से संकल्पशील रहे हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा जब बस्तर के प्रभारी मंत्री थे, तब उन्होंने बस्तर के विकास को लेकर शिला पत्थर रखा था, लेकिन उन पत्थरों को किसने उखाड़ा, बस्तर की जनता भलीभाँति जानती है। संतोष पाण्डेय ने कहा कि जब देश में जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार थी, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई स्वयं बस्तर आए थे और कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत की थी। हम हमेशा बस्तर के विकास को लेकर संवेदनशील रहे हैं। संतोष पांडेय ने कहा कि हाल के दिनों में बस्तर के विकास को लेकर मुख्यमंत्री श्री साय ने कनेक्ट बस्तर की शुरुआत की जिसकी सर्वत्र

चर्चा हो रही है, जिसे लेकर कांग्रेस बेहद ही परेशान है। भाजपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता संतोष पाण्डेय ने कहा कि कुछ सवाल हैं जिन्हें लेकर हमेशा कांग्रेस और दीपक बैज बचते हैं। लोहंडीगुड़ा दीपक बैज का विधानसभा क्षेत्र रहा है, जहाँ से जनता ने उन्हें बिदा कर दिया। बैज बताएँ कि लोहाण्डीगुड़ा और बस्तर के औद्योगिक विकास को लेकर उन्होंने क्या किया? वहाँ तो बैज औद्योगिक विकास के विरोधी व्यक्ति के रूप में जाने जाते है।

राजस्थान के दौसा में तालाब में दो बच्चे डूबे

एजेंसी

पुलिस के मुताबिक, चीख–पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उनमें से एक को बचाने में कामयाब रहे हालांकि दो बच्चों को नहीं बचाया जा सका। झांपदा थाना प्रभारी सुनील टांक ने बताया कि सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची।राजस्थान के दौसा जिले में शनिवार को दो बच्चे तालाब में डूब गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना निर्झरणा गांव में उस समय हुई जब तीन बच्चे अपने घर के पास तालाब में नहाने गए थे और गलती से वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगने।पुलिस के मुताबिक, चीख–पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उनमें से एक को बचाने में कामयाब रहे हालांकि दो बच्चों को नहीं बचाया जा सका। झांपदा थाना प्रभारी सुनील टांक ने बताया कि सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया, "ग्रामीणों की मदद से बच्चों के शव तालाब से निकाले गए और लालसोट अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।" अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान फौजी (नौ) और सुनील (सात) के रूप में हुई है।

राहुल गांधी उपराष्ट्रपति के शपथ से नदारद, अनुराग ठाकुर का तंज - अब वे भारत विरोधी नेता

एजेंसी।

अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण समारोह से अनुपस्थित रहने पर उन्हें ष्भारत विरोधी नेताष बताया। ठाकुर का आरोप है कि राहुल संसद सत्र और स्वतंत्रता दिवस जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों से भी गैरहाजिर रहते हैं, जबकि ष्भारत विरोधष में सबसे आगे रहते हैं। यह घटना भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक कटुता को रेखांकित करती है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शनिवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण समारोह में न आने पर आलोचना की और कहा कि वह भारत विरोधी नेता बन गए हैं और जहाँ उनकी जरूरत है, वहाँ कहीं नहीं हैं। पत्रकारों से बात करते हुए, ठाकुर ने कहा कि जब संसद का सत्र चल रहा होता है, तो विपक्ष के नेता उसमें शामिल नहीं होते। जब स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है, तो विपक्ष के नेता लाल किले पर समारोह में शामिल नहीं होते। विपक्ष के नेता नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होते। ठाकुर ने आगे कहा कि जनता ने पहले 10 साल तक किसी नेता को नेता नहीं बनाया। अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं।

धीरेंद्र शास्त्री का संदेश पड़ोसी देशों से सीखो, सामाजिक समरसता ही देश को बचाएगी

बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के बाद देश को बचाने और सामाजिक समरसता स्थापित करने की बात कही।

एजेंसी।

बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित भगवान विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किए और कहा कि देश को बचाना है और अगर हम नहीं चाहते कि भारत की स्थिति हमारे पड़ोसी देशों जैसी हो, तो देश में सामाजिक समरसता का होना जरूरी है। आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए वे 7 नवंबर से 16 नवंबर तक पदयात्रा करेंगे।अपनी पदयात्रा पर मीडिया से बात करते हुए शास्त्री ने कहा कि काशी आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हम सामाजिक समरसता और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए 7 नवंबर से 16 नवंबर तक पदयात्रा करने जा रहे हैं। इसके लिए हमने आज भगवान विश्वनाथ के चरणों में प्रार्थना की। देश को बचाना होगा। अगर हम नहीं चाहते कि भारत की स्थिति हमारे पड़ोसी देशों जैसी हो, तो देश में सामाजिक समरसता जरूरी है। वैमनस्य दूर करना बहुत जरूरी है। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना बहुत जरूरी है। भारत एक अघोषित हिंदू राष्ट्र है। लोगों के विचारों और दिलों में भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना जरूरी है। यहां से हम गया जी जाएंगे।इससे पहले, शुक्रवार को, मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने भगवान शिव को समर्पित काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना और अनुष्ठान किए। बाद में, उन्होंने अपने आधिकारिक यात्रा कार्यक्रम के तहत अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर जाकर अपनी आध्यात्मिक यात्रा जारी रखी। प्रधानमंत्री रामगुलाम के मंदिर दौरे के बाद ग पर एक पोस्ट में, विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने वाराणसी में पवित्र काशी विश्वनाथ धाम में पूजा–अर्चना की। यह यात्रा भारत और मॉरीशस को जोड़ने वाले गहरे सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को दर्शाती है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री वर्तमान में 9 सितंबर से 16 सितंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

साधु-संतों को मायावती की सख्त चेतावनी! कहा- बाबा साहेब पर टिप्पणी करना छोड़ दें

एजेंसी।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने शनिवार को कुछ साधु–संतों को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर पर चुप रहने और किसी प्रकार की कोई टिप्पणी न करने की सलाह दी। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने शनिवार को कुछ साधु–संतों को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर पर चुप रहने और किसी प्रकार की कोई टिप्पणी न करने की सलाह दी। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "जैसा कि विदित है कि आए दिन सुर्खियों में बने रहने के लिए विवादित बयानबाजी करने वाले कुछ साधु–संतों को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अतुल्य योगदान की सही जानकारी नहीं है। इसलिए इस संबंध में किसी भी तरह की गलत बयानबाजी करने के बजाय वे चुप रहें तो उचित होगा।"उन्होंने कहा, "साथ ही, बाबा साहेब के अनुयायी मनुस्मृति का विरोध क्यों करते हैं? जातिवादी द्वेष की भावना को त्याग कर उन्हें इसे जरूर समझना चाहिये।"

जंगलराज पर नड्डा ने त्र्प्रव को घेरा, तेजस्वी से पूछा- लालू के बयानों पर कब मांगेंगे माफी?

एजेंसी।

जेपी नड्डा ने बिहार में चुनावी सरगर्मी के बीच विपक्ष पर हमला बोला, अंधकारमय बिहार को

विकासशील बिहार से तुलना करते हुए जंगलराज और तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया। उन्होंने प्छक्ए गठबंधन को सत्ता का भूखा बताते हुए लालू यादव के पुराने बयानों और कांग्रेस द्वारा राजनीति के स्तर गिराने की निंदा की, जिससे बिहार चुनाव में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आज बिहार दौरे पर हैं। बिहार में एक कार्यक्रम के दौरान नड्डा ने कहा कि बिहार के बारे में चर्चा करें तो दो तस्वीर सामने आती है;– एक अंधकारमय बिहार और दूसरा उजाले की ओर बढ़ता बिहार। पहले वोटबैंक के लिए तुष्टिकरण की राजनीति होती थी, हर काम में भ्रष्टाचार होता था, हत्या–अपहरण आम बात हो गई थी। आज एनडीए सरकार में बिहार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश जी नेतृत्व में बिहार कई बड़े बदलाव हुए हैं। मुझे खुशी है कि महिला सशक्तिकरण में बिहार ने अपने आप को साबित किया है।जेपी नड्डा ने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि प्छक्ए ।ससपंदबम के नेता सिर्फ सत्ता के भूखे हैं, यही इनका विजन और मिशन है। उन्हें सिर्फ अपने स्वार्थ से मतलब है, बिहार या भारत की जनता से कोई मतलब नहीं। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर लालू यादव कहते थे– रोड बना देंगे तो पुलिस जल्दी पहुंच जाएगी और जानवरों के खुर खराब हो जाएंगे। पलायनवाद पर लालू महिमामंडन करते थे– बिहार का लोग गमछा पहनकर जाता है, सूट पहनकर लौटता है। आज तक राजद ने माफी नहीं मांगी!भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस और बाकी विपक्ष ने राजनीति को निम्नतम स्तर पर पहुंचा दिया है। पहले इनके मंच से मोदी जी की माता जी को गालियां दी गई और कल कांग्रेस का जो वीडियो आया है वो इस बात का प्रमाण है कि उनकी सोच कितनी गंदी है। उन्होंने कहा कि ये लोग किस तरह राजनीति को गिरा रहे हैं। बिहार की धरती इसका गवाह है। जागृत बिहार की जनता सही समय आने पर इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।उन्होंने कहा कि 2003 के बिहार में पटना में डर का माहौल था...उस समय डस्। को दिनदहाड़े मारा गया और मारने वाला लालू प्रसाद का नजदीकी था। क्राइम और स्टेट सपोर्टेड क्राइम में बड़ा अंतर होता है, ये सिर्फ बिहार को अंधकार में धकेलना चाहते थे। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर लालू यादव ने बयान दिया था कि अगर हम सड़क बनाएँगे, तो पुलिस आपके पास जल्दी पहुँच जाएगी। इतने साल बीत गए, और मैं पूछना चाहता हूँ कि क्या तेजस्वी यादव ने बिहार की जनता से माफी मांगी? श्वो किस तरह से सोच सकते हैं कि वो बिहार का भला करेंगे। जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षों में हुए विकास के कारण, हम एक बदला हुआ बिहार देख सकते हैं।

इंस्पेक्टर के भाई को डिजिटल अरेस्ट रख वसूले एक लाख, ठगों ने मनी लान्ड्रिंग में दोषी बताकर झांसे में लिया

लखनऊ

लखनऊ में जालसाजों ने इंस्पेक्टर के भाई को डिजिटल अरेस्ट रखकर एक लाख रुपये ऐंठ लिए। ठगों ने मनी लान्ड्रिंग में दोषी बताकर उसे झांसे में लिया। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज पुलिस जांच में जुटी है। राजधानी लखनऊ में साइबर जालसाजों ने पुलिस अधिकारी बनकर कृष्णानगर के कृष्णापल्ली निवासी इंस्पेक्टर के भाई विनय कुमार गुप्ता को चार घंटे डिजिटल अरेस्ट रखकर एक लाख रुपये वसूल लिए। ठगों ने उन्हें मनी लान्ड्रिंग मामले में दोषी बताया। पीड़ित ने कृष्णानगर थाने में जालसाजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।विनय के भाई विजय बीएसएफ में इंस्पेक्टर हैं। विनय के मुताबिक 25 अगस्त को सुबह 9.00 बजे उनके पास अनजान नंबर से व्हाट्सएप ऑडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को टेलीकॉम विभाग का कर्मी सुरेश कुमार बताया। उसने कहा कि तुम्हारा सिम दो घंटे बाद बंद हो जाएगा। कारण पूछने पर उसने बताया कि तुम्हारी आईडी से दिल्ली में बीते 20 मार्च को

सिम खरीदा गया है। इस नंबर से कई आपराधिक गतिविधियां हुई हैं। दिल्ली के थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। वहां से सिम बंद करने का आदेश मिला है। सुरेश ने पीड़ित से पुलिस से बात कर एनओसी लेने की बात कही और कॉल काट दी। कुछ देर बाद पीड़ित के पास फिर व्हाट्सएप वीडियो कॉल आई। फोन कर्ता ने खुद को दिल्ली पुलिस का अफसर सुनील कुमार बताया और अपना आईडी कार्ड दिखाया।60 केस दर्ज होने की कही बात ठग ने पीड़ित से कहा कि तुम्हारे खिलाफ मनी लान्ड्रिंग और धोखाधड़ी के 60 मामले दर्ज हैं। मोबाइल भी सर्विलांस पर लगा है। यह सुन विनय घबरा गए। उन्हें परेशान देख फर्जी अफसर ने पूछताछ और ऑनलाइन बयान दर्ज कराने के बहाने डिजिटल अरेस्ट कर लिया। आरोपी ने पूछताछ के बारे में किसी को न बताने की बात कही। बात न मानने पर गिरफ्तारी का डर दिखाया। जांच के बहाने मांगी रकमकरीब चार घंटे तक प्रताड़ित करने के बाद साइबर जालसाज ने पीड़ित से कहा तुम्हारे खाते में जो रकम है उसे मेरे अकाउंट में ट्रांसफर कर दो। रकम की आरबीआई जांच करेगी। जांच पूरी होने पर दो दिन बाद तुम्हें रकम लौटा दी जाएगी। मानसिक प्रताड़ित हो चुके पीड़ित ने ठग की बात मान ली और उसके खाते में दो लाख ट्रांसफर कर दिए।

फिर ठग ने मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। दो दिन बाद जब विनय को रकम नहीं मिली तो उन्होंने भाई विजय कुमार को जानकारी दी। तब उन्हें ठगी की जानकारी हुई। काफी दिनों तक झिझक के कारण पीड़ित ने थाने में शिकायत नहीं की। घरवालों के समझाने पर वह शुक्रवार को कृष्णानगर थाने पहुंचे। इंस्पेक्टर पीके सिंह के मुताबिक जिन नंबरों से कॉल की गई। जिस खाते में रकम ट्रांसफर की गई उसका ब्योरा निकाला जा रहा है।

थाना देवा पुलिस द्वारा जनसहयोग से मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को आत्महत्या करने से बचाया गया-

आज समय करीब 08.35 बजे थाना देवा पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला किसान पथ के नीचे माती के पास शारदा

नहर में कूदकर आत्महत्या करने जा रही है। उक्त सूचना पर चौकी प्रभारी माती श्री अशोक वर्मा व हमराही द्वारा मौके पर पहुंचकर आत्महत्या करने जा रही महिला को जनसहयोग से बचाया गया एवं पारिवारिजन को नियमानुसार सुपुर्द किया गया। महिला की मानसिक स्थिति ठीक नही है।

थाना जहांगीराबाद पर तैनात आरक्षी द्वारा कुएं में गिरे हुए युवक को अथक प्रयास के पश्चात सकुशल बाहर निकाला गया-

बाराबंकी। सरिता पुत्री शिव दर्शन लाल निवासिनी ग्राम कादिरपुर थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरा भाई

अमित कुमार उम्र करीब 25 वर्ष घर के सामने स्थित पानी से भरे कुएं में गिर गए है। उक्त सूचना पर थाना जहांगीराबाद पर नियुक्त उ0नि0 श्री अरूण यादव व आरक्षी दिनेश सिंह सागर द्वारा तत्काल मौके पर पहुचें तो ज्ञात हुआ कि अमित कुमार उपरोक्त कुएं में दुर्घटनावश गिर गये हैं। जिस पर आरक्षी दिनेश सिंह सागर द्वारा कुएं में उतरकर अमित कुमार उपरोक्त की जान बचाई गई। आरक्षी के इस साहसिक कृत्य की आम जनमानस द्वारा भूरि–भूरि प्रशंसा की गई। उक्त सराहनीय कार्य के उत्साहवर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा आरक्षी दिनेश सिंह सागर को 1000– रु0 नगद व प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की।

सफदरगंज पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी, शातिर अन्तर्जनपदीय चोर गिरफ्तार

संवाददाता। बाराबंकी , जनपद में हो रही चोरी व लूट से जिले भर में दहशत का माहौल बना हुआ था यह खुंखार गैंग महिलाओ को निशाना बनाता था खास कर उन महिलाओ को जो अकेली होती थी और ई– रिक्शे पर बैठने वाली महिलाओ का बैग, पर्स,मोबाइल फोन, गले में किमती ज्वेलरी छिनकर फरार हो जाते थे। इस गैंग पर जिले के कई थानों में केस दर्ज है लगातार बढ़ती चोरी लूटध् छिनौती जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने व घटित घटनाओं को अतिशीघ्र अनावरण कर संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय ने समस्त थाना प्रभारियों को विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया ।जिसके बाद थाना सफदरगंज पुलिस टीम थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया, उप निरीक्षक यमुना प्रसाद पाण्डेय, उपनिरीक्षक ऋषभ सिंह चंदेल, उप निरीक्षक अभिमन्यु सिंह ,पवन कुमार, हरिकांत, रमेश पटेल व अन्य पुलिस कर्मियों व स्वाट सर्विलेंस ने 13 सितम्बर को मैनुअल इंटेलीजेंस व डेटा की मदद से प्रकाश में आये शातिर अभियुक्त मनीष कुमार गोस्वामी पुत्र विनोद कुमार गोस्वामी उर्फ झम्मन

25 वर्षीय निवासी ग्राम ठाकुरापुर डिहवा थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा को प्यरेपुर सरैया से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी ध छिनौती के 11 अदद एण्ड्राइड मोबाइल, सोने चांदी के जेवरात 17000ध रूपये नगद घटना कारित करने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, एक अदद तमंचा ,2 अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध थाना सफदरगंज में उचित ध ाराओ में केस पंजीकृत किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त मनीष कुमार गोस्वामी अपने अन्य साथियों के साथ गिरोह बनाकर मोटरसाइकिल से जनपद बाराबंकी, लखनऊ ,गोंडा, बलरामपुर, अयोध्या आदि जनपदों में घूमते हुए मुख्यतः महिलाओं से पर्स ,ज्वेलरी ,मोबाइल छिनने जैसी घटनाएं कारित की गई है गिरफ्तार अभियुक्त मनीष ने अपने साथी संतोष यादव पुत्र राम अवध निवासी ग्राम घनखर थाना कोतवाली देहात जनपद गोंडा के साथ जनपद बाराबंकी में घटनाओं को अंजाम दिया करते थे अभियुक्तगण द्वारा बाइक ऑटो सवार महिलाओं से पर्स ज्वेलरी नगदी मोबाइल आदि छीन लिया जाता है तथा मोबाइल की डिस्प्ले व बैटरी को बेच देते थे व रुपए नगदी आपस में बांट लेते थे बरामद मोटरसाइकिल अपाचे अन्य मोटरसाइकिल से अभियुक्त गण द्वारा घटनाओं को अंजाम दी गई है अभियुक्त द्वारा घटना कारित करने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी बदल दिया जाता था अभियुक्तगण द्वारा बरामद मोटरसाइकिल अपाचे जनपद लखनऊ से चोरी की गई थी इसके बारे में जानकारी की जा रही है अभियुक्त द्वारा जनपद बाराबंकी के थाना क्षेत्र सफदरगंज, रामनगर, मसौली, कोतवाली नगर तथा जनपद बलरामपुर व जनपद गोंडा में महिलाओं से मोबाइल पर्स ज्वेलरी आदि जैसी घटनाओं को अंजाम दिया करते थे जिसमें लूटा गया सामान भी बरामद हुआ है इसके संबंध में अभियोग पंजीकृत है पुलिस टीम द्वारा कुल 10 घटनाओं का अनावरण किया गया है पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त संतोष यादव की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है अन्य बरामगी के संबंध में भी जानकारी की जा रही है इस गैंग पर कई अन्य जनपदों में भी केस दर्ज हैं गोंडा पुलिस ने भी इस गैंग से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया है बाकी लोगों की तलाश की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्तों से लगातार पूछताछ जारी है

नेपाल में फंसे भारत के 251 लोगों ने की वापसी, अब तक 409 लोगों ने लगाई थी मदद की गुहार

लखनऊ

नेपाल में फंसे यूपी और अन्य राज्यों के लोगों ने वापसी के लिए विशेष कंट्रोल रूम पर मदद की गुहार मांग रहे हैं। अब तक 251 लोगों की वापसी हो चुकी है। नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद के लिए बनाए गए विशेष कंट्रोल रूम में शुक्रवार को भी मदद मांगने का सिलसिला जारी रहा। अब तक 409 लोगों ने मदद की गुहार लगाई है हालांकि इनमें से 251 सकुशल वापस आ चुके हैं। बाकी लोगों की मदद के प्रयास किए जा रहे हैं। बता दें कि कंट्रोल रूम में करीब 30 कॉल आ चुकी हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर गुहार लगाने वालों से भी संपर्क कर मदद की जा रही है। डीजीपी राजीव कृष्ण गृह मंत्रालय और आईबी के अधिकारियों से लगातार वार्ता कर लोगों की वापसी सुनिश्चित करा रहे हैं। भारत–नेपाल सीमा शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी सील रही। सीमावर्ती नेपालगंज में उपद्रव के बाद अभी हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं। इसका सीधा असर अब खाने–पीने की वस्तुओं और लंबी दूरी की यात्राओं पर दिखाने लगा

है ।चावल, मक्का, दवा और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं लादे करीब एक हजार ट्रक सीमा पर खड़े हैं। मुंबई, दिल्ली, शिमला और गोवा तक चलने वाली बसें भी यात्रियों के अभाव में हाईवे किनारे खड़ी हैं। इस बीच शुक्रवार सुबह पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के 20 से अधिक टैंकर नेपाली सेना की निगरानी में नेपाल रवाना किए गए।सप्लाई ठप होने से नेपाल में 150 ग्राम के पैकेट वाला जो बिस्कुट पहले 50 रुपये में मिलता था, अब वह 150 रुपये में मिल रहा है। यही हाल 600 ग्राम के पैक का भी है। यह बिस्कुट पहले नेपाल में 160 रुपये का मिलता था, जो अब 300 तक पहुंच चुका है। रसोई गैस के सिलिंडर की भी मारामारी मची है। कुछ क्षेत्रों में तो खाद्य पदार्थों की तस्करी भी शुरू हो गई है ।रुपईडीहा स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) पर माल लदे ट्रकों की लंबी कतार लगी है। इनमें पेट्रोलियम उत्पाद, दवा, चावल, मक्का और मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुएं हैं। शुक्रवार सुबह अधिकारियों ने पेट्रोल और डीजल टैंकरों को प्राथमिकता पर नेपाल सेना की सुरक्षा में भेजना शुरू कर दिया है, लेकिन बड़ी संख्या में ट्रक अब भी फंसे हुए हैं। बॉर्डर पर हालात ऐसे ही रहे तो नेपाल में खाद्य सामग्री और दवाओं की भारी किल्लत हो सकती है ।सीमा सील होने से परिवहन पूरी तरह प्रभावित है। आम दिनों में रुपईडीहा से मुंबई, गुजरात, दिल्ली, शिमला, हरिद्वार और गोवा जाने वाली निजी बसें नेपाली यात्रियों से भरी रहती थीं, लेकिन अब ये बसें हाईवे 927 के किनारे जिले से सटे नेपाली गांवों में दो दिन हुई हिंसा के बाद नेपाल सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। शुक्रवार को जवानों ने गश्त करके उत्पात मचाने वालों को सख्त हिदायत दी। पांच लोगों को एक साथ निकलने पर भी पाबंदी लगा दी है ।सेना की सख्ती के बाद शुक्रवार को नोमैंसलैंड से सटे नेपाली गांवों में सन्नाटा रहा और कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। वहीं, भारतीय क्षेत्र में एसएसबी जवान व पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। सीमावर्ती नेपाली नागरिकों ने बताया कि सेना की ओर से शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक घर से न निकलने का निर्देश दिया गया है। दिन के समय एक साथ पांच से कम लोगों के निकलने की बात कही गई है। नेपाल के सोनबरसा, कुड़वा, कुदरबेटवा, गंगापुर, भगवानपुर, मटेहिया, होलासपुरवा, नरैनापुरवा, घूरदौड़िया, कोटिया, बनियां गांव, सुइया में नेपाली सेना लगातार गश्त कर रही है।

मौत का खुलासा न होने से परिजन बिफरे, लगाया जाम

सुलतानपुर। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के असरवन गांव में बारह वर्षीय किशन के संदिग्ध मौत ने इलाके में सनसनी मचा दी है। देर शाम शनिवार को परिजनों ने द्वारिकागंज चौकी का घेराव कर प्रदर्शन कर पुलिस से तत्काल गिरतारी व निष्पक्ष जांच की मांग की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशन के गले पर खरोंच के निशान पाए जाने के बाद आत्महत्या के एंगल को खारिज कर हत्या की आशंका जताई जा रही है, बावजूद इसके पुलिस ने अभी तक किसी के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

घटना के अनुसार, बीते सोमवार सुबह सहजराम के घर पर उसके पुत्र किशन का शव बांस के सहारे रस्सी से लटका मिला था। बच्चे को नीचे चारपाई पर रखी ईंट के ऊपर पाया गया। किशन रामरती इंटर कालेज में कक्षा सात का छात्र था। उसकी माता का देहान्त हो चुका है। मीडिया के सामने पिता ने प्रारम्भिक दौर में पड़ोसियों पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मंगलवार को सगी बहन, सौतेली बहन व सौतेली मां के आने के बाद अंतिम संस्कार कराया गया। अंतिम संस्कार के बाद पुलिस ने पिता, सौतेली मां नीतू, सगी बहन आशा, सौतेली बहन पारो व पारो के पति से पूछताछ की। पड़ोसियों से भी पूछताछ की गई, पर परिवार का आरोप है कि पुलिस जांच निष्प्रभावी रही। पुलिस के प्रारम्भिक बयान के विपरीत पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशन के गले पर एज का चिन्ह पाया गया है, जो सीधे तौर पर गला दबाकर हत्या की ओर संकेत कर रहा है। परिवार का कहना है कि किशन को किसी ने मारकर लटकाया गया है। आज यही मनस्थिति लेकर परिजन गोसाईगंज थाने की द्वारिकागंज चौकी पर इकठ्ठा होकर प्रदर्शन कर रहे थे। घेराव के दौरान परिजन व ग्रामीणों ने तहरीर देने की मांग की और आरोप लगाया कि पुलिस छह दिन बीत जाने के बावजूद मामला दर्ज करने में आनाकानी कर रही है। परिजन ने कहा कि जांच निष्पक्ष व त्वरित होनी चाहिए ताकि दोषियों

को कड़ी सजा दिलवाई जा सके। इस संबंध में गोसाईगंज थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने कहा, "जांच चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच पूरी पारदर्शिता के साथ कराकर जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। मामले ने स्थानीय लोगों में भारी रोष पैदा कर दिया है और परिवार ने जिला पुलिस व प्रशासन से निष्पक्ष, फोरेंसिक जांच तथा जल्द से जल्द मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरतारी की मांग की है।

सीएम योगी ने डक्टरों को किया सम्मानित, बोले- हर मरीज के साथ करें अच्छा व्यवहार

लखनऊ

लखनऊ में डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हर मरीज के साथ डॉक्टरों का व्यवहार अच्छा हो। हर मरीज को अच्छी सुविधा मिले।राजधानी लखनऊ में शनिवार को डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का पांचवा स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा शामिल हुए। इस मौके पर सीएम योगी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों को सम्मानित किया। लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि डॉक्टरों का व्यवहार मरीजों के लिए काफी अहम होता है। गरीब परिवारों के प्रति आपकी संवेदना होनी चाहिए। अस्पताल में मरीजों को स्ट्रेचर मिल जाए। वार्ड बॉय उनकी मदद करें।उन्होंने कहा कि यदि किसी गरीब परिवार के किसी व्यक्ति की दुखद मौत हो जाती है, तो संस्थान के वाहन से शव उसके घर तक पहुंचा दें। हमारे पास वाहन नहीं है तो संस्थान एक वाहन खरीद लें। निजी एंबुलेंस जो मरीजों को निजी अस्पताल ले जाती हैं, इन पर रोक लगनी चाहिए। पेशेवर ब्लड डोनेशन करने वाले लोग मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हैं। इस पर भी रोक लगे। सीएम ने आगे कहा कि लोगों ने

सोशल मीडिया को नजरअंदाज किया। विकास किस तरह बाधित हो जाता है। ये हमने पड़ोसी देश में देखा। आज के युग के अनुरूप हमें हर क्षेत्र में खुद को तैयार करना होगा। सेवा पखवाड़ा के दौरान पीएचसी, सीएचसी में आरोग्य मेले लगेंगे। आरएमएल को भी इसमें हिस्सा लेना चाहिए। तमाम घुमंतू जातियां अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखतीं। हमें उन लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना चाहिए। जमीन मिलने पर होगा विस्तार उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोहिया संस्थान के विस्तार के लिए दूरदर्शन से बात चल रही है। वो जमीन मिलने से यहां का विस्तार हो सकेगा। यह जमीन संस्थान के पास ही उपलब्ध है।

थाना कोठी, बाराबंकी पुलिस द्वारा 17 वर्षीय युवती के घर से क्षुब्ध होकर चले जाने पर सकुशल किया गया बरामद-

थाना कोठी पुलिस को सूचना मिली की थाना कोठी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दरियापुर में 17 वर्षीय युवती को मोबाइल चलाने की बात पर परिजनों द्वारा डांटने पर नाराज होकर घर से बिना बताए कहीं चली गई है।

उक्त सूचना पर थाना कोठी पुलिस टीम व0उ0निरक्षक शिव

सागर तिवारी, व0उ0निरक्षक विशेष कुमार कुरील ,अंतिमा यादव द्वारा गुमशुदा की तलाश हेतु अविलम्ब टीमों का गठन कर आसपास ग्रामीणों व स्थानीय स्त्रोतों की मदद से युवती को गाँव के ही मंदिर से सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा उक्त कार्य की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई।

डीएमओ की हीलाहवाली के चलते कागजों में सिमट गया विश्व मच्छर दिवस

सुल्तानपुर। मलेरिया/फाईलेरिया से लोगों को बचाने के लिए योगी सरकार प्रदेश के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक के लिए योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए .त संकल्पित है, परंतु जिसको जिम्मेदारी दी गई है वही गैर जिम्मेदार निकल जाए तो जिले के लोगों को योगी सरकार की योजनाओं का लाभ कैसे मिल पाएगा। हम बात कर रहे है डीएमओ बंशीलाल यादव काम से नही बल्कि अपने बड़बोलेपन की वजह से काफी चर्चा में रहते है,बंशीलाल यादव को जब भी किसी योजना से संबंधित जानकारी के लिए फोन किया जाए तो उनका फोन उठता नही, सूत्र बताते है कि डीएमओ अवसाद ग्रस्त ब्यक्ति है, उनसे सवाल करने से वो बहुत जल्द आपा खो देते है,सूत्रों का कहना है कि डीएमओ को अपने ही विभाग की जानकारी नही रहती,उन्हें यह भी पता नही है की यहा बुधवार के अलावा अन्य दिनों में किस मोहल्ले में सर्वे होगा और कितने बजे से कबतक किया जाएगा। बडबोले बंशीलाल यादव कभी खुद को 2017 बैच का पीसीएस अधिकारी बताकर अपना परिचय दिया करते थे, जिसकी शिकायत पूर्व में रहे मुख्य चिकित्साधिकारी से भी की गई थी,तब उन्हें एहसास हुआ की वह 2017 बैच के पीसीएस नही है,उसके बाद बताना बंद किया,परंतु अभी भी श्री यादव पर कार्यों को लेकर लापरवाही का इल्ज़ाम है। कागजों पर डीएमओ चाहते है की सबकुछ 'आल इज बेल' रहे पर नकल में भी अक्ल की जरूरत होती है, सूत्रों की माने तो बंशीलाल यादव नियंत्रण विहीन कर्मी की श्रेणी में हैं, विभागीय कर्मियों में श्री यादव को लेकर गंभीरता नही दिखती, लैब टेक्निशियन यूट्यूबरों को बुलाक खुद डाक्टर बताता है, तो वही फाइलेरिया इंस्पेक्टर बॉयोलांजिस्ट की कुर्सी पर अनधि.त रूप से बैठकर खबरें बनवाकर वायरल करवा रहा है, मतलब साफ है कि डीएमओ बंशीलाल यादव का विभाग में किसी पर नियंत्रण नही है, कोई खुद को डाक्टर बता रहा है तो कोई बॉयोलांजिस्ट की कुर्सी पर बैठकर जिले की लगभग 30लाख आबादी को भ्रम में रखने का काम कर रहा है, और उसे अज्ञानता में नोटिस में नही लिया जा रहा है। डीएमओ फोटो खिंचवा ब्यक्ति है,उनके किस्से सुनकर उनके ही विभाग के लोग हैरान रह जाते है,उन्हें पता नहीं है की मासक्विटो कलेक्शन सेंटर कितने है,सेंटर के काम क्या है,उन्हें नही मालूम की बुद्धवार को फाईलेरिया की जांच कितने बजे से कबतक की जानी चाहिए, उनका दिल–दिमाग मलेरिया और फाईलेरिया से जिले को सुरक्षित रखने में नही लगता,बल्कि वो चाहते है की उनको जिले में चलने वाली क्लीनिक और नर्सिंगहोम की जांच–पड़ताल की जिम्मेदारी मिल जाए जिससे थोड़ा–बहुत काम हो जाए, सूत्र बताते है की बंशीलाल यादव अपने परिजन के नाम से फर्म बनाकर जिले में सप्लाई का भी जुगाड़ कर रहे है,हालांकि जीरो टालरेंस की योगी सरकार की नज़र जिस दिन मलेरिया–फाईलेरिया विभाग पर पड़ी तो काफी–कुछ निकलकर सामने आएगा।बीते 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस था,जिसका मकसद मच्छर जनित बीमारियों से जागरूक करना था,परंतु 20अगस्त बीत गया कोई कार्यक्रम की जानकारी नही हुई, जब मुख्य चिकित्साधिकारी डां भारत भूषण से इस संबंध में जानकारी चाही तो उन्हें भी इसकी जानकारी नही थी,जबकि जनपद में शैक्षणिक संस्थान के द्वारा वृहद स्तर पर विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर जन–जागरण के लिए कार्यक्रम आयोजित कर आम लोगों को जागरूक करने का काम किया गया।जबकि मच्छर दिवस की जानकारी के लिए डीएमओ बंशीलाल यादव से दूरभाष पर की बार संपर्क करनें का प्रयास किया गया,

बाढ प्रभावित क्षेत्रो मे नगर आयुक्तने राहत सामग्री के साथ-साथ किया मेडिकल किट का वितरण

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

जनपद मे बाढ प्रभावित क्षेत्रो मे प्रशासन दैनिक आवश्यकताओ की पूर्ति हेतु लगातार लगा हुआ हैं तो वही नगर निगम मथुरा–वृंदावन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों लक्ष्मी नगर, तिवारीपुरम कॉलोनी एवं जयसिंहपुरा खादर में संचारी रोगों से बचाव एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु राहत सामग्री के साथ साथ मेडिकल किट का भी वितरण किया जा रहा है ।

घर घर वितरण के दौरान नगर आयुक्त जग प्रवेश के साथ पार्षद श्रीमती रेनु चौधरी यतेंद्र माहौर राकेश भाटिया मुन्ना मलिक पार्षद प्रतिनिधि तिलकवीर चौधरी रविकांत एवं बीएसए डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा मौजूद रहे।

नगर आयुक्त जग प्रवेश ने बताया कि प्रभावित नागरिकों को नहाने का साबुन, कपड़ा धोने का साबुन, टूथपेस्ट, मच्छर भगाने की अगरबत्ती, सेवलोन, डिटोल, बोरोलीन, माचिस, मोमबत्ती, हेयर ऑयल, शैम्पू सहित मेडिकल किट (बैंडेज, एंटीबायोटिक, एंटी–एलर्जिक, पेनकिलर एवं मल्टीविटामिन) की किट दी गई । इस दौरान नगर आयुक्त ने प्रभावित परिवारों से संवाद कर उनका हाल–चाल जाना तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर सफाई कार्य, एंटी लार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग अभियान सतत रूप से चलाया जाए ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी अथवा संचारी रोग न फैल सके।

जनपद स्तरीय स्कूल बैण्ड प्रतियोगिता आयोजित

प्रयागराज। जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा माध्यमिक के तहत जिला विद्यालय निरीक्षक के नेतृत्व में राजकीय इंटर कॉलेज प्रयागराज पर जनपद स्तरीय बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार सिंह द्वारा किया गया। इसमें राजकीय, की अशासकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, केंद्रीय विद्यालय, सीआईएससीई, सीबीएसई बोर्ड के विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। दिलीप दिवाकर एवं डॉ पूनम ने अतिथियों का स्काउट का स्कार्फ लगाकर स्वागत किया। कालेज वाइस प्रिंसिपल अब्दुल कादिर ने कहा कि बैंड प्रतियोगिता ऐसा मंच है जहां संगीतकार अपने संगीत और प्रदर्शन कौशल का प्रदर्शन करते हैं। डॉ. आकांक्षा केशरी ने कहा कि इससे छात्रों में एकता, देशभक्ति और संगीत के प्रति रुचि बढ़ती है। निर्णायक मण्डल में डॉ आकांक्षा केशरी, फिरोज आलम खान और नंद जी शामिल रहे। बालक वर्ग में जीआईसी प्रयागराज प्रथम और भारत स्काउट एंड गाइड इंटर कॉलेज द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि बालिका वर्ग पाइप बैंड में ज्वाला देवी इंटर कॉलेज प्रथम एवं ब्रास बैंड में जीजीआईसी सिविल लाइंस प्रथम, जगत तारन गर्ल्स इण्टर कॉलेज द्वितीय एवं महिला सेवा सदन इंटर कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का संचालन कमल सिंह ने किया। यहां पर उप प्रधानाचार्य वंशराज, निशा सिंह, रेखा देवी, वंदना विश्वकर्मा, सविता गुप्ता, राकेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

अपर आयकर आयुक्तने दी अग्रिम कर और छूट संबंधी जानकारी

सोनभद्र। आयकर विभाग ने शुक्रवार को राबर्ट्सगंज स्थित एक होटल में जागरूकता अभियान का आयोजन किया। जिसमें अपर आयकर आयुक्त, रेंज–1 वाराणसी एतेशाम अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने आयकर अधिनियम के चौप्टर 6 के तहत मिलने वाली छूट और अग्रिम कर जमा करने से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन आयकर अधिकारी, वार्ड 3(3) रवि शंकर सिंह ने किया। इस अवसर पर जिले के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एसोसिएशन और बार एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में व्यापारी, बैंक अधिकारी और कर्मचारी, हिंडाल्को के अधिकारी तथा रिहंद डैम और अनपरा के अधिकारी भी शामिल हुए। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने मंच से कहा कि नीति आयोग के द्वारा पिछड़े जिलों में शामिल होने के बावजूद यह जनपद गाजियाबाद के बाद राजस्व के मामले में अव्वल है उन्होंने आयोजन मंडल का धन्यवाद ज्ञापित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता जे.पी. गुप्ता, अनिल सिंह, चार्टर्ड एकाउंटेंट नीतीश केसरी, आकाश जायसवाल और संदीप जायसवाल समेत कई गणमान्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूजा अग्रवाल ने किया।

पीएम के 75वें जन्मदिन पर होगा सम्मान समारोह

सोनभद्र। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर जिले में 16 सितंबर को 'मोदी सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन सोन पैलेस चंडी तिराहे पर 11 बजे किया जाएगा। जिसमें जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी शामिल होंगे। इस समारोह में तमाम विधाओं में अपनी छाप छोड़ी है या सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में अग्रणी रहे हैं, उन्हें उनके योगदान के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, पिछले कुछ वर्षों में अपने विद्यालयों में उच्चतम प्रदर्शन कर अपने अभिभावकों और संस्थानों का मान बढ़ाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। कहा कि विद्यार्थियों के साथ–साथ उनके शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को भी इस समारोह में स्थान दिया जाएगा। उन्होंने उल्लेख किया, 'विद्यार्थी और शिक्षक किसी भी समाज की उन्नति का आधार होते हैं। उन्हें सम्मान देकर हम उन्हें देश और समाज के विकास के लिए प्रेरित करना चाहते हैं, जो एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।' यह समारोह न केवल पीएम मोदी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का माध्यम बनेगा। बल्कि स्थानीय स्तर पर योग्य व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने का भी प्रयास है। आयोजकों का मानना है कि इससे जिले में सामाजिक जागरूकता और उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा। इस आशय की जानकारी पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने दी है। इसी तरह से भाजयुमो की क्षेत्र उपाध्यक्ष खुशबू सिंह ने संगठन के निर्देश पर पत्रकार वार्ता कर बतायी कीं सेवा पखवाड़ा के रूप में पीएम मोदी का जन्मदिन मनाया जायेगा।

शहादत दिवस मनाये जाने को लेकर की तैयारी बैठक

सोनभद्र। जअपा के जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमर शहीद भारत लेनिन बाबू जगदेव प्रसाद का शहादत दिवस मनाये जाने की तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी सफलता के लिए लोगों को क्षेत्रवार जिम्मेदारी सौंपी गई। 21 सितम्बर,2025 को राबर्ट्सगंज के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में महात्मा फूले फाउंडेशन के तत्वाधान में बाबू जगदेव प्रसाद का शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उनके जीवन संघर्ष के साथ ही उनके त्याग, बलिदान, सामाजिक न्याय, समानता तथा बहुजन समाज के एकता को सशक्त करने संबंधित विषय पर चर्चा किया जाएगा। इस मौके पर विजयमल मौर्य, बैजनाथ सिंह मौर्य, रामराज बिंद, जय प्रकाश, अनिरुद्ध मौर्य आदि उपस्थित रहे।

मत्स्य पालन के सम्बन्ध में बैठक आज

सोनभद्र। सहायक निदेशक मत्स्य ने अवगत कराया है कि जनपद के मत्स्य पालकों, पट्टाधारकों एवं सहकारी समितियों की बैठक मंत्री, मत्स्य विभाग उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में प्रदेश में मत्स्य पालन के सम्बन्ध में बैठक आयोजन 13 सितम्बर,2025 को अपरान्ह 12.00 बजे से स्वामी विवेकानन्द सभागार राबर्ट्सगंज में आहूत की गयी है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को बैठक में ससमय प्रतिभाग के लिए अपील की है।

मंत्री, मत्स्य विभाग का भ्रमण कार्यक्रम आज

सोनभद्र। प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल ने अवगत कराया है कि मंत्री, मत्स्य विभाग उ0प्र0 शासन डॉ.संजय कुमार निषाद का जनपद में 12 व 13 सितम्बर,2025 को भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। मंत्री 12 सितम्बर,2025 को सर्किट हाउस निरीक्षण भवन राबर्ट्सगंज में आयेंगं तथा रात्रि विश्राम करेंगे। इसी प्रकार से 13 सितम्बर,2025 को मंत्री 12 बजे स्वामी विवेकानन्द सभागार राबर्ट्सगंज में मत्स्य पालकों, पट्टाधारकों व सहकारी समितियों के साथ मत्स्य पालन के सम्बन्ध में बैठक व चर्चा करेंगे।

गंगा-यमुना का घट रहा जलस्तर

धीमी रफ्तार से घट रहा पानी, बाढ़ का खतरा टला

प्रयागराज। प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों के बढ़ते जलस्तर में गुरुवार से घटने लगा है। बीते दिनों प्रयागराज में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा था, लेकिन अब राहत की खबर है। दोनों नदियों का जलस्तर लगातार तीन दिनों से घट रहा है, जिससे स्थानीय प्रशासन और आम जनता ने थोड़ी राहत की सांस ली है। हालांकि हालात अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हुए हैं और कई इलाके बाढ़ की चपेट में हैं।

बीते 24 घंटे की बात करें तो गंगा नदी के जलस्तर में कमी दर्ज की गई है। फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 13 सेंटीमीटर घटा है जबकि छतनाग में 18 सेंटीमीटर की कमी आई है। इसी तरह यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 21 सेंटीमीटर कम हुआ है। यह गिरावट इस ओर इशारा करती है कि नदियों में अब पानी का बहाव धीरे–धीरे कम हो रहा है।

शुक्रवार को सुबह 8 बजे रिकॉर्ड किए गए आंकड़ों के अनुसार, फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 83.96 मीटर, छतनाग में 83.07 मीटर और नैनी में यमुना का जलस्तर 83.63 मीटर दर्ज किया गया। राहत की बात यह है कि यह सभी जलस्तर डेंजर लेवल से नीचे हैं, जिससे फिलहाल बाढ़ का खतरा टल गया है। हालांकि स्थिति अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है। शहर के कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी अब भी भरा हुआ है। एक दर्जन से अधिक मोहल्ले जलमग्न हैं और हजारों लोग बाढ़ राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। कई स्थानों पर लोगों के घरों में पानी घुस गया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है।

प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य लगातार जारी हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें तैनात हैं और प्रभावित इलाकों में लगातार गश्त कर रही हैं। वहीं, सिंचाई विभाग के कंट्रोल रूम से गंगा और यमुना के जलस्तर पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है।

स्थापना दिवस पर दिव्यांग बच्चो को पठन पाठन सामग्री का वितरण

प्रयागराज। ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी अपने 79 वां स्थापना दिवस की खुशियाँ मना रही है ! कंपनी के सफलतम 78 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर ओरिएंटल इंश्योरेंस के अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक संजय जोशी ने संदेश जारी कर कंपनी से जुड़े सभी लोगों को बधाई दिया व भविष्य में इन्श्योरेंस सेक्टर में और बेहतर सेवा देने की बात की और मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ दीपक मित्तल ने सभी ग्राहकों, कर्मचारियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

इसी क्रम में आज ओरिएंटल इंश्योरेंस नैनी प्रयागराज के वरिष्ठ व्यवसाय प्रबंधक सत्येंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में आज स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर विशेष कार्यक्रम में 50 दिव्यांग बच्चों से ज्यादा को पठन– पाठन सामग्री का वितरण ज्योति दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र बालसन चौराहा प्रयागराज मे किया गया है। इस नेक कार्य के लिए ज्योति दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के प्रमुख डॉ.भास्कर बनर्जी व डॉ.नीरा बनर्जी ने खुशी जाहिर किया व कंपनी को धन्यवाद ज्ञापित किया। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि हम लोग निरंतर कंपनी के लिए व सामाजिक कार्य करते रहते हैं। अपने अस्तित्व के 79 वें वर्ष में कंपनी ग्राहकों को बेहतर आनंद प्रदान करने के लिए ग्राहकों से जुड़ने पर ध्यान केंद्रित करेगी।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्येंद्र सिंह, डॉ. संजय वर्मा, राजेश तिवारी, ओम प्रभा, सीमा बोस, नीलेश, जनार्दन पाठक आदि लोग उपस्थित रहे।

बस रुकवा कर युवक उतरा और ने गंगा में लगा दी छलांग

कैंसर से परेशान था, पत्नी और बच्चे के सामने कूद गया

प्रयागराज। शास्त्री ब्रिज पर एक व्यक्ति ने शुक्रवार दोपहर में बस से सफर करते समय बस रुकवा कर पत्नी और बच्चे के सामने गंगा नदी में छलांग लगा दी। जिससे मौके पर तफरी मच गयी जिसके बाद पहुंची जल पुलिस काफी देर से ढूंढती रही दो घंटे बीत जाने के बाद भी बॉडी अभी तक नहीं मिली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जगतपुर के रहने वाला पप्पू ड्राइवर है। वह कैंसर से पीड़ित हैं। जानकारी के मुताबिक वह कैंसर के इलाज के लिए अपनी पत्नी और बच्चों के साथ सुबह अस्पताल आया था, लेकिन डॉक्टर द्वारा इलाज में कोई उम्मीद न जताने के कारण वह मानसिक रूप से टूट गया। जिसके बाद अस्पताल से वापसी के समय रास्ते में यह कदम उठा लिया। घटना के बाद से जल पुलिस द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, लेकिन दो घंटे बीत जाने के बाद भी शव बरामद नहीं हो पाया है।

उसकी पत्नी ने बताया कि इलाज कराने के लिए वह लोग प्रयागराज आए थे, लेकिन डॉक्टरों ने स्पष्ट शब्दों में कह दिया कि अब बीमारी आखरिी स्टेज में है और इलाज की कोई गुंजाइश नहीं बची। यह सुनकर पूरा परिवार मायूस हो गया और वे भारी मन से अपने घर लौटने के लिए बस में सवार हो गए। बताया जा रहा है कि शास्त्री ब्रिज पर पहुंचते ही पीड़ित ने अचानक बस रुकवाने को कहा। वह बस से उतरते ही तेजी से पुल की ओर भागा और देखते ही देखते गंगा में छलांग लगा दी। उसके पीछे–पीछे पत्नी और बच्चे भी दौड़े मगर तब तक वह छलांग लगा दिया था। यह दृश्य उसकी पत्नी और बच्चों ने अपनी आंखों के सामने देखा, जिससे वे सदमे में हैं। वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद स्थानीय जल पुलिस मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। गंगा में तेज बहाव के कारण अब तक कोई सफलता नहीं मिल सकी है।

गंगा-यमुना का घट रहा जलस्तर धीमी रफ्तार से घट रहा पानी, बाढ़ का खतरा टला

प्रयागराज। प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों के बढ़ते जलस्तर में गुरुवार से घटने लगा है। बीते दिनों प्रयागराज में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा था, लेकिन अब राहत की खबर है। दोनों नदियों का जलस्तर लगातार तीन दिनों से घट रहा है, जिससे स्थानीय प्रशासन और आम जनता ने थोड़ी राहत की सांस ली है। हालांकि हालात अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हुए हैं और कई इलाके बाढ़ की चपेट में हैं।बीते 24 घंटे की बात करें तो गंगा नदी के जलस्तर में कमी दर्ज की गई है। फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 13 सेंटीमीटर घटा है जबकि छतनाग में 18 सेंटीमीटर की कमी आई है। इसी तरह यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 21 सेंटीमीटर कम हुआ है। यह गिरावट इस ओर इशारा करती है कि नदियों में अब पानी का बहाव धीरे–धीरे कम हो रहा है।शुक्रवार को सुबह 8 बजे रिकॉर्ड किए गए आंकड़ों के अनुसार, फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 83.96 मीटर, छतनाग में 83.07 मीटर और नैनी में यमुना का जलस्तर 83.63 मीटर दर्ज किया गया। राहत की बात यह है कि यह सभी जलस्तर डेंजर लेवल से नीचे हैं, जिससे फिलहाल बाढ़ का खतरा टल गया है। हालांकि स्थिति अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है। शहर के कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी अब भी भरा हुआ है। एक दर्जन से अधिक मोहल्ले जलमग्न हैं और हजारों लोग बाढ़ राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। कई स्थानों पर लोगों के घरों में पानी घुस गया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है।प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य लगातार जारी हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें तैनात हैं और प्रभावित इलाकों में लगातार गश्त कर रही हैं। वहीं, सिंचाई विभाग के कंट्रोल रूम से गंगा और यमुना के जलस्तर पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है।

जिले में मानक विहिन संचालित प्राइवेट अस्पतालों पर कब होगी कार्रवाई-उषा

सोनभद्र। जिले मे अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटलों, पैथोलॉजी सेंटरों को बंद कराने, मेडिकल कालेज मे आईसीयू को चालू कराने, डिजिटल एक्स–रे को चालू कराने, मेडिकल कालेज सहित तमाम मुद्दों को लेकर कॉग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पहुंचकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। जिला प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्र ने कहा कि बीजेपी सरकार मे सोनभद्र मे स्वास्थ्य व्यवस्था विफल हो गई है।

25 लाख आवादी वाले जनपद मे मेडिकल कालेज मे आईसीयू की सुविधा उपलब्ध न होने से गंभीर बीमारी व दुर्घटनाग्रस्त वाले मरीजो को वाराणसी के लिए रेफर कर दिया जाता है। जिनकी इलाज कराने के लिए वाराणसी जाते समय लम्बी दूरी होने के कारण रास्ते मे ही मौत हो जाती है। डिजिटल एक्स–रे मशीन एक वर्ष से बंद होने से मरीजों को दोगुने दामों मे प्राइवेट पैथोलॉजी सेंटरो मे कराना पड़ता है।

हड्डी विभाग के चिकित्सकों द्वारा मरीजों को इंप्लांट की खरीद बाहर से दोगुनी दामों मे चहेते दुकान से खरीदने की सलाह दी जाती है।

जिले मे अवैध रूप से संचालित अस्पताल स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण मे संचालित किये जा रहे हैं जिसके कारण आयेदिन कोई न कोई मरीज असामयिक मौत के मुंह में शमा जा रहा है।

जिला सचिव सेराज हुसैन ने कहा कि जिला मुख्यालय सहित ग्रामीणांचलों मे अवैध रूप से संचालित अस्पतालों मे मरीजों का शोषण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग कार्यवाही के नाम पर कोरम पूर्ति कर रहा है। आरोप लगाया कि बंद अस्पतालों से धन उगाही कर उन्हें पुनः चालू कर दिया जा रहा है।

महिला जिलाध्यक्ष ऊषा चौबे ने कहा कि अवैध हॉस्पिटलों मे आए दिन महिलाओं के प्रसव के दौरान चिकित्सकों की लापरवाही से जच्चा–बच्चा की मौत हो रही है। लेकिन जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग मौन है।

जिला महासचिव राहुल सिंह पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग मे भ्रष्टाचार चरम पर है। मेडिकल कालेज मे दलालों का जमावड़ा रहता है।

पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह और पूर्व जिला महासचिव कन्हैया पांडे ने कहा की भाजपा सरकार मे स्वास्थ्य व्यवस्था बेपटरी हो चुका है, जनता बेहाल है। जनपद मे स्वास्थ्य व्यवस्था मे सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। कॉग्रेस नेता सुनील मिश्रा

और प्रमोद कुमार पांडे ने भी जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली के लिए जिले के जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहराया है। इस मौके पर पूर्व पीसीसी सदस्य नूरुद्दिन खान, बंशीधर पांडे, जितेंद्र पांडे, जिला उपाध्यक्ष महिला कॉग्रेस शांति विश्वकर्मा, संतोष नागर, शिव पूजन विश्वकर्मा, सीमू, रामरूप शुक्ला, सत्यम मिश्रा, सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विभिन्न कार्यक्षेत्र में हस्तशिल्प प्रतियोगिता हुई आयोजित

सोनभद्र। महिला कल्याण विभाग, द्वारा संकल्प के अंतर्गत 10 दिवसीय अभियान के अंतिम दिन नगर के बाल गृह बालिका में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया साथ ही इस मौके पर गोष्ठी कर जानकारी दी गई। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन, जिला प्रोबेशन अधिकारी पुनीत टंडन के निर्देशानुसार पुर्ववासी ग्रामीण उत्थान विकाश सेवा समिति द्वारा संचालित बाल गृह बालिका राबर्ट्सगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएमसी नीतू यति, जी0एस0 साधना मिश्रा, सीमा द्विवेदी, संस्था अधीक्षिका नीलम सिंह, आदि के द्वारा आज का दिन स्टेम विज्ञान तकनीकी, इंजीनियर और गणित के क्षेत्र करियर में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अपील करता है ताकि इस अधिक विविधता वाला और समावेशी कामगार तैयार किया जा सके। साथ ही साथ यह दिन हमे विज्ञान और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में लैंगिक असमानता की समस्या से निपटने की जरूरत है। यह विषय वेतन के मामले में पुरुषों और महिलाओं के बीच अंतर को कम करने में काफी अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने से न केवल व्यक्तियों को लाभ होगा बल्कि इससे विविध भरे नजरों और अब तक इस्तेमाल नहीं किए गए संभावनाओं के द्वार भी खुलेंगे। यह बातें गरीबी उन्मूलन कुशल मजदूरों की कमी और टिकाऊ आविष्कार जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए

मांगो को लेकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक जनपदीय शाखा के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर जिला बेसिक कार्यालय से निकलकर सदर तहसील पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों को लेकर मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा। संघ के महामंत्री चंद्रजीत यादव ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार सेवारत शिक्षकों को जिनकी सेवा अवधि 5 वर्ष से अधिक है, उन्हें शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के आदेश दिए गए हैं। लेकिन इसी आदेश में 3 सितंबर 2001 तक के नियुक्त शिक्षकों को मुक्त किए जाने की बात कही गई है। इसके अलावा, 23 अगस्त 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त किए जाने की बात कही गई है उन्होंने बताया कि इस आदेश के कारण देश और उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षक नौकरी जाने के भय से परेशान और अवसादग्रस्त हो रहे हैं। जबकि सभी बेसिक शिक्षकों को तत्समय विभाग द्वारा निर्धारित सेवा शर्तों और योग्यता को पूर्ण करते हुए नियुक्त किया गया था। शिक्षक पात्रता परीक्षा छब्ज्म् द्वारा 23 अगस्त 2010 को अधिसूचना जारी की गई और शिक्षा अधिकार अधिनियम 2011 में लागू किया गया। उन्होंने बताया कि यदि उपरोक्त अधिसूचनाओं के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा में लाया जाता है, तो यह उचित नहीं होगा और देश के लगभग 40 लाख शिक्षक और उनके परिवार प्रभावित होंगे। इस प्रदर्शन में परदेसिया प्रचार मंत्री सी पी यादव मंडलीय महामंत्री धर्मेंद्र सिंह मंडल उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता मंडल उपाध्यक्ष हरे कृष्ण निषाद जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी महानगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव महामंत्री कासिम मेहंदी नीलम मिश्रा सावित्री मौर्य पूर्णिमा सिंह सरोज वर्मा किरण सिंह विमल यादव कंचन पांडे मिथिलेश संगीता चौधरी रीना मौर्य कीर्ति सीखा सैकड़ो की संख्या में शिक्षक का मौजूद रहे।

कालेज की छात्राओं ने प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में खेलने का ठोंका दावा

सोहावल–अयोध्या। नारी सशक्तिकरण और सुरक्षित नारी की संकल्पना को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रदेशीय विद्यालय कराटे एवं थांगता प्रतियोगिता में जिला और मंडल स्तर की प्रतियोगिता जीतकर प्रदेश स्तर पर खेलने का दावा सोहावल के आर डी इंटर कालेज की सात छात्राओं ने ठोका है। इनमें पांच छात्रों का चयन करने के लिए हुआ है तो दो छात्राओं ने थांगता प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर अपना नाम दर्ज कराया है। जिनको कालेज में रेगुलर ट्रेनिंग दी जा रही है। आगामी 7 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक लखनऊ में होने वाली इस कराटे चौंपियनशिप में भाग लेने वाली कालेज के कक्षा 12 की छात्राओं में शामिल अंतिमा 36 किलो वर्ग, मीनाक्षी 44 किलो वर्ग, स्वाति 48 किलो वर्ग, सोनाक्षी 52 किलो वर्ग, मुस्कान 60 किलो वर्ग की इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर तक विजय पताका फहराने के लिए कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य और प्रवक्ता राजेश सिंह प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र की निगरानी में चलाए जा रहे प्रशिक्षण की कमान मास्टर ट्रेनर हरिओम शर्मा और विकास यादव ने सम्हाल रखा है। प्रतिदिन कालेज परिसर में चलाए जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में दो छात्राएं हिमांशी कक्षा 10 साधना कक्षा 11थांगता (तलवार बाजी) प्रतियोगिता की प्रशिक्षण ले रही है। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रदेश स्तर पर छात्राओं ने नाम रोशन किया तो कालेज ही नहीं पूरे जिले का गौरव बढ़ेगा।

शोपीस बनकर रह गई है ओवर फ्लाई की लाइट

सोहावल–अयोध्या। राष्ट्रीय राजमार्ग 27 लखनऊ अयोध्या पर लगाई गई रोड लाइट महीनों पहले एक बार ट्रायल के दौरान जलने के अतिरिक्त आगे नहीं जल सकी। एन एच ए आई के मेंटीनेंस विभाग द्वारा लगभग 6 महीने पहले से हाइवे पर लगाई गई इस रोड लाइट के संचालन को लेकर विभाग सुस्त पड़ा हुआ है। अब लोग एन एच ए आई और भारत सरकार की योजनाओं को लेकर उंगली उठाने लगे है। कई करोड़ रुपए की इस परियोजना को शुरू हुए 6 महीने से ऊपर बीतने को हैं। टोल प्लाजा रौनाही तहसीनपुर के दोनों ओर जिले की सीमा तक हाइवे की दोनों रेलिंग पर रोशनी से रोड चमकाने के लिए पोल और बड़े–बड़े हाइलोजन बल्ब लगाए जा चुके हैं। लगभग दो महीने पहले इन्हें इलेक्ट्रिक से जोड़कर ट्रायल किया गया था। लेकिन एक दिन जलने के बाद इन रोड लाइटों का संचालन दोबारा नहीं हो पाया और पूरा हाइवे सरकार का करोड़ों रुपया खर्च होने के बावजूद अंधेरे में ही डूबा रहता है। आने जाने वाले वाहनों के साथ किसी घटना दुर्घटना के समय इन रोड लाइटों की आवश्यकता लोगों को महसूस होती है। स्वयं पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी इसके संचालन को लेकर उंगली उठाते रहते हैं। शुक्रवार को इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर एन एच ए आई मेंटीनेंस के प्रबंधक विनोद मिश्रा ने बताया लगाई गई इस रोड लाइट को रोशन करने के लिए अलग से ट्रांसफार्मर और विद्युत की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।कुछ धनराशि है। कुछ अभी मिलना बाकी है। उम्मीद है कि पकवाड़ा भर के भीतर यह हाइवे पर लगाई गई लाइट से जगमग हो जायेगी।

निर्धारित मूल्य से अधिक लेने पर एसडीएम ने जनसेवा केंद्र संचालक को लगाई फटकार

सोहावल–अयोध्या। निर्धारित रेट से ज्यादा मूल्य लेने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी सुश्री सविता देवी ने अपने पेशकार को भेज कर 10 रूपये का स्टांप मंगाया। लाइसेंसी दुकानदार ने ध10 का स्टांप इन्हें ध30 में बेचा। शिकायत सही पाने आग बबूला हुई उप जिलाधिकारी ने स्टांप विक्रेता के साथ तहसील के आसपास चलने वाले सभी जन सुविधा केदो के संचालकों की क्लास लगाई। फटकार देने के साथ निर्धारित शासन की रेट लिस्ट केंद्र के सामने मोटे अक्षरों में लगाने और सही मूल्य लेने का निर्देश दिया। गुरुवार को जन सुविधा केंद्र चलाने वालों के लिए बुरा दिन रहा। जन सुविधा केन्द्रो पर मनमानी ढंग से सोल के लिए जाने की शिकायत लंबे समय से की जाती रही। इसकी सच्चाई जानने के लिए अपने पेशकार अमित कुमार को ध10 का स्टांप लाने के लिए भेजा। अधिकारी का नाम लिए जाने के बावजूद स्टाम्प विक्रेता ने ध10 का स्टांप इन्हें ध30 में दिया। आकर्षित और जिलाधिकारी ने तत्काल सभी जन सुविधा केंद्र चलाने वाले संचालकों को अपने कक्ष में तलब किया और फटकार लगाते हुए कई निर्देश दिए। मुझे जाने पर उप जिलाधिकारी ने बताया कि पहली बार गलती पाए जाने पर सभी केंद्र संचालकों को कल से शासन से निर्धारित शुल्क लेकर ही कार्य करने का निर्देश दिया गया है। सभी केंद्र संचालक सूची के सामने स्थापित करेंगे। नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

डाक्टर अपर्णा कोहली ने संभाली सीएचसी प्रभारी की कुर्सी

सोहावल–अयोध्या। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल पर प्रभारी तैनात की गईं डाक्टर अपर्णा कोहली ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। आने के बाद ही सी एच सी पर आई एक प्रसूता का आपरेशन के जरिये सफल प्रसव कराया। पूर्व में यहां तैनात रहीं डाक्टर फातिमा हसन के रुदौली सी एच सी स्थानांतरण होने के बाद जो कमी बनी हुई थी। वह उनके आने के बाद पूरी हो गई। जिससे आशा बहुओं ने खुशी जाहिर की है।

गाजियाबाद के युवक ने एटीएम बदल निकाले थे 40 हजार

अयोध्या। नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी उपभोक्ता का एटीएम कार्ड बदलकर उसके बैंक खाते से 40 हजार रूपये गाजियाबाद निवासी युवक ने निकाले थे। सीसीटीवी फुटेज से मिले सुराग के आधार पर नगर कोतवाली पुलिस ने उसको नवीनमंडी फ्लाई ओवर से गिरफ्तार किया है। आरोपी का मेडिकल परीक्षण करवा चालान किया है। चौकी प्रभारी रिकाबगंज उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के खिड़की अली बेग रिकाबगंज का निवासी आनंद कुमार पुत्र स्व.मिठाई लाल सोमवार को रकम निकालने के लिए सिविल लाइन क्षेत्र स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम गया था।

क्या इजरायल से दूर हो रहा है भारत? संयुक्तराष्ट्र और एसीओ में भारत का बदला रुख क्या दर्शा रहा है?

भारत का रुख इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। एक ओर वह ऐतिहासिक रूप से फिलस्तीन के आत्मनिर्णय के अधिकार का समर्थक रहा है, दूसरी ओर इजराइल के साथ उसके गहरे रक्षा और तकनीकी संबंध हैं। इस पृष्ठभूमि में भारत का पक्ष में वोट देना रणनीतिक संतुलनकारी नीति का परिचायक है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में पारित "न्यूयॉर्क घोषणा" प्रस्ताव ने एक बार फिर पश्चिम एशिया के लंबे संघर्ष को वैश्विक बहस के केंद्र में ला दिया है। 142 देशों ने जिस तरह इस प्रस्ताव का समर्थन किया, वह स्पष्ट संकेत है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अब दो–राष्ट्र समाधान को ही शांति का एकमात्र मार्ग मानता है। भारत का पक्ष में वोट देना इसी सोच का हिस्सा है। प्रस्ताव की विशेषता इसका संतुलित दृष्टिकोण है। इसमें 7 अक्तूबर के हमास हमले की निंदा की गई, जिसने निर्दोष नागरिकों की जान ली और कई लोगों को बंधक बनाया। साथ ही, गाजा में इजराइल की सैन्य कार्रवाई को भी अमानवीय बताया गया, जिसने हजारों नागरिकों की जान ले ली और पूरे क्षेत्र को मानवीय आपदा में धकेल दिया। इस दोहरी आलोचना ने यह संदेश दिया कि आतंकवाद और राज्य–प्रायोजित हिंसा, दोनों ही अस्वीकार्य हैं।भारत का रुख इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। एक ओर वह ऐतिहासिक रूप से फिलस्तीन के आत्मनिर्णय के अधिकार का समर्थक रहा है, दूसरी ओर इजराइल के साथ उसके गहरे रक्षा और तकनीकी संबंध हैं। इस पृष्ठभूमि में भारत का पक्ष में वोट देना रणनीतिक संतुलनकारी नीति का परिचायक है। यह न तो इजराइल से दूरी है और न ही फिलस्तीन पर अंध–समर्थन, बल्कि मानवीय मूल्यों और अंतरराष्ट्रीय कानून के पक्ष में खड़ा होने का प्रयास है। अमेरिका और इजराइल ने इस प्रस्ताव का विरोध किया, लेकिन उनका अकेलापन यह दर्शाता है कि वैश्विक बहुमत अब हिंसा और कब्जे की राजनीति से थक चुका है।हम आपको बता दें कि फ्रांस द्वारा प्रस्तुत इस प्रस्ताव के पक्ष में 142 देशों ने वोट दिया, 10 ने विरोध किया और 12 ने मतदान से परहेज किया। भारत उन 142 देशों में शामिल रहा जिन्होंने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। सभी खाड़ी अरब देशों ने भी पक्ष में वोट दिया, जबकि इजराइल, अमेरिका, अर्जेंटीना, हंगरी, माइक्रोनेशिया, नाउरू, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी, पराग्वे और टोंगा ने विरोध किया। इस प्रस्ताव का समर्थन करने वाले देशों की भारी संख्या यह दर्शाती है कि विश्व समुदाय अब केवल हमास की हिंसा पर ही नहीं, बल्कि गाजा में हो रहे मानवीय संकट पर भी गंभीर चिंता जता रहा है। हम आपको यह भी बता दें कि भारत का फिलस्तीन को समर्थन नया नहीं है। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने फिलस्तीन के आत्मनिर्णय और राज्य स्थापना के अधिकार का समर्थन किया है।1992 के बाद इजराइल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित कर भारत ने संतुलन साधने की कोशिश की। लेकिन हाल के महीनों में भारत की नीतियों में कुछ दिलचस्प मोड़ भी दिखे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यक्तिगत स्तर पर कध्तर की संप्रभुता पर हुए हमले की आलोचना की। यह कड़ा और अपेक्षाकृत असामान्य रुख बताता है कि भारत खाड़ी देशों के साथ अपने संबंधों को अत्यधिक महत्व देता हैकृ विशेषकर ऐसे समय में जब ऊर्जा सुरक्षा और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा उसके लिए सर्वोपरि है।इसके अलावा, जून 2025 में भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (ब्) के एक बयान से दूरी बनाई थी, परंतु सितंबर में तियानजिन घोषणा का समर्थन किया, जिसने इजराइल और अमेरिका के ईरान पर हमलों को "अंतरराष्ट्रीय कघनून का उल्लंघन" बताया। यह बदलाव इंगित करता है कि भारत अब पश्चिम एशिया में अमेरिकी–इजराइली कार्रवाइयों से स्पष्ट असहमति जता रहा है। इसके अलावा, हालांकि भारत ने ठत्ै में अपेक्षाकृत नरम भाषा का समर्थन किया और इजराइल या अमेरिका का नाम नहीं लिया, परंतु यह बताता है कि वह किसी भी खेमे में पूरी तरह नहीं झुकना चाहता।देखा जाये तो भारत के लिए यह केवल कूटनीति नहीं बल्कि रणनीतिक अनिवार्यता है। एक ओर इजराइल भारत का रक्षा, कृषि और साइबर सुरक्षा में अहम साझेदार है। दूसरी ओर अरब खाड़ी देश भारत की ऊर्जा जरूरतें पूरी करते हैं और आठ मिलियन से अधिक भारतीय प्रवासी वहां काम करते हैं। ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह और क्षेत्रीय स्थिरता भी भारत के लिए अहम है। ऐसे में भारत की विदेश नीति का असली आधार "रणनीतिक संतुलन" है, न कि किसी एक पक्ष से दूरी या नजदीकी।फिर भी, भारत के लिए एक और कसौटी हैकृ उसकी वैश्विक छवि। गाजा में लगातार बढ़ती नागरिक मौतों और संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों द्वारा घोषित भुखमरी की स्थिति को नजरअंदाज करना भारत के "ग्लोबल साउथ के नेता" और "मानवीय मूल्यों के पक्षधर" होने की छवि को कमजोर करता। यही कारण है कि भारत अब अधिक मुखर होकर मानवीय कानून और अंतरराष्ट्रीय नियमों की रक्षा की बात कर रहा है। इसलिए कहा जा सकता है कि भारत इजराइल से दूरी नहीं बना रहा, बल्कि एक कठिन संतुलन साधा रहा है। उसकी प्राथमिकता यह है कि वह इजराइल के साथ रणनीतिक साझेदारी को जारी रखे, साथ ही अरब और ईरान जैसे देशों के साथ ऊर्जा, सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के संबंधों को भी मजबूत बनाए। संयुक्त राष्ट्र में मतदान और हालिया बयानों से यही स्पष्ट होता है कि भारत आतंकवाद का विरोध करते हुए भी नागरिकों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कघनून की रक्षा पर समझौता नहीं करेगा। हम आपको याद दिला दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में यरूशलेम में हुए हमले की निंदा की थी और साथ ही कध्तर में इजराइली हमले को भी गलत ठहराया था। इसके जरिये मोदी ने यह संदेश दिया कि आतंकवाद से लड़ाई के नाम पर किसी भी देश को अंतरराष्ट्रीय कघनून और मानवीय सिद्धांतों की अनदेखी का अधिकार नहीं मिल सकता। बहरहाल, यह संतुलन आसान नहीं है। लेकिन यदि भारत इसे बनाए रखने में सफल रहता है तो वह न केवल पश्चिम एशिया में, बल्कि वैश्विक राजनीति में भी एक विश्वसनीय, स्वतंत्र और संतुलित शक्ति के रूप में अपनी पहचान मजबूत करेगा। वैसे, पश्चिम एशिया की जटिल राजनीति में अक्सर देश एक ध्रुव का समर्थन करने को विवश हो जाते हैं। भारत ने अब तक दोनों ओर मित्रता बनाए रखी है, लेकिन जैसे–जैसे संघर्ष तेज होगा, संतुलन की यह डोर और भी पतली होती जाएगी।

सम्पादकीय

वाक और अभिव्यक्तिकी आजादी पर पाबंदियां

भारत के संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी पर कुछ तर्कसंगत पाबंदी लगाने का प्रावधान है। संविधान के अनुच्छेद 19 (2) में इसे व्याख्यायित किया गया है। सरकारें अलग अलग समय पर अपने हिसाब से इसकी व्याख्या करती रही हैं और बोलने या किसी भी रूप में अपने को अभिव्यक्त करने की आजादी को नियंत्रित करने का प्रयास करती रही हैं। हर बार सरकारें जब ऐसा प्रयास करती हैं तो उसके खिलाफ आवाज उठाई जाती है लेकिन अंततरू सरकारें कामयाब होती हैं।

तभी धीरे धीरे वाक और अभिव्यक्ति की आजादी पर कई किस्म की पाबंदियां लग गई हैं। नए जमाने में यानी डिजिटल तकनीक के जमाने में जब लोगों को अभिव्यक्ति के नए प्लेटफॉर्म मिल गए हैं तब से पाबंदी की जरुरत ज्यादा महसूस की जा रही है और लगाई भी जा रही है। अब कुछ और नई पाबंदियों की आहट सुनाई दे रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए सरकार से कहा है कि वह डिजिटल मंचों पर होने वाली अभिव्यक्तियों को नियंत्रित करने के कानून बनाए। यह मामला एक खास किस्म की बीमारी से ग्रसित एक व्यक्ति का मजाक उड़ाने से जुड़ा हुआ है। कॉमेडी के नाम पर किसी व्यक्ति की शारीरिक कमतरी का मजाक उड़ाना किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन दुर्भाग्य से भारत में कॉमेडी का यह रूप सहज स्वीकार्य होता है।

स्त्रियों का, कम लंबाई वाले या मोटे लोगों का या शारीरिक कमतरी का मजाक उड़ाना स्टैंडअप कॉमिक में शामिल है। ऐसे ही एक मामले की सुनवाई करते हुए 25 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सरकार से कहा कि वह नेशनल ब्रॉडकास्टर एंड डिजिटल एसोसिशएन यानी एनबीडीए से सलाह मशविरा करके सोशल मीडिया को नियंत्रित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करे।

असल में एक शारीरिक स्थिति होती है, जिसे स्पाइनल मस्क्यूलर एट्रोफी यानी एसएमए बोलते हैं, जो एक आनुवंशिक डिसऑर्डर है। एक गैर सरकारी संस्था ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी कि कई स्टैंडअप कॉमेडियन्स ने इस बीमारी से ग्रसित लोगों का मजाक बनाया है। इसमें समय रैना, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर और निशांत जगदीश तंवर का नाम लिया गया था। सुनवाई के दौरान सभी पक्षों ने इसकी आलोचना की। लेकिन असली परेशान करने वाली बात यह है कि जस्टिस बागची ने श्कॉमर्शियल स्पीचय का एक जुमला बोला और कहा कि जब आप अभिव्यक्ति की आजादी का व्यावसायीकरण करते हैं तो आपको ध्यान रखना चाहिए कि आपकी बात समाज के किसी हिस्से की भावना को आहत न करे।

सरकार की ओर से पेश हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने इस पर तत्काल कहा कि सरकार इसे नियंत्रित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करेगी। इस पर अदालत ने कहा कि जो भी दिशानिर्देश बनाया जाए वह सिर्फ किसी विशिष्ठ घटनाक्रम से पैदा हुए सवालों को ही एड्रेस न करे, बल्कि नई तकनीक और अभिव्यक्ति के नए उभरते मंचों की वजह से जो स्थितियां पैदा हो रही हैं उनको ध्यान में रखने वाली हों।

जाहिर है अदालत चाहती है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट को नियंत्रित करने के लिए एक समग्र दिशानिर्देश जारी हो। सर्वोच्च अदालत का यह आदेश सरकार के हाथ में एक नया हथियार दे सकता है। ध्यान रहे भारत के संविधान में अनुच्छेद 19 (2) के जरिए नियंत्रण के जो उपाय बताएं हैं उसके अलावा आईटी एक्ट 2000 के आईटी (इंटरमीडियरी गाइडलाइंस एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) रूल्स 2021 के जरिए भी सोशल मीडिया को नियंत्रित करने के उपाय किए गए हैं।

इसमें कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स किसी तरह से सामाजिक विद्वेष फैलाने वाला या अश्लील कंटेंट प्रसारित नहीं होने देंगे। अगर इस कानून को कायदे से लागू किया जाए तो किसी अतिरिक्त कानून की जरुरत नहीं पड़ेगी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने जितनी खुशी खुशी दिशानिर्देश बनाने की सहमति दी उससे लग रहा है कि सोशल मीडिया को नियंत्रित करने का कोई और कानून भी आ सकता है।

सर्वोच्च अदालत के आदेश में एक और बात विरोधाभासी दिखती है, जो श्कॉमर्शियल स्पीचय से जुड़ी है। अगर किसी स्टैंडअप कॉमेडियन के एक्ट को इस आधार पर श्कॉमर्शियल स्पीचय माना जाएगा कि वह उससे पैसे कमा रहा है तो फिर किसी पत्रकार या किसी अभिनेता या किसी लेखक को कैसे इससे बाहर रखा जा सकेगा? ध्यान रहे पत्रकार और लेखक भी अपने लेखन से पैसा कमाते हैं और अभिनेता पैसे के लिए ही फिल्मों या टेलीविजन में काम करते हैं। निर्माता, निर्देशक पैसे कमाने के लिए ही फिल्में बनाते हैं। अगर श्कॉमर्शियल स्पीचय का दायरा बढ़ा तो वाक और अभिव्यक्ति का हर स्वरूप और हर प्लेटफॉर्म इसके दायरे में आ जाएगा। यह सिर्फ सोशल मीडिया तक नहीं रूकेगा, बल्कि अखबार, पत्रिकाएं, फिल्म, टेलीविजन सब इसके दायरे में आएंगे। यहां तक कि नेता के भाषण को भी इसके दायरे में लाया जा सकता है क्योंकि उसका भी अंतिम लक्ष्य लाभ का पद हासिल करना होता है।

यह विरोधाभासी इसलिए है क्योंकि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के अपने फैसले अलग अलग रहे हैं। हमदर्द दवाखाना बनाम भारत सरकार मामले में 1959 में सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि विज्ञापन भी एक किस्म की अभिव्यक्ति का माध्यम है लेकिन जब इसमें व्यापार का पहलू शामिल हो जाता है तो यह विचारों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति के दायरे में नहीं आता है। हालांकि बाद में टाटा प्रेस बनाम महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के केस में 1995 में माना कि कॉमर्शियल स्पीच को सिर्फ इस आधार पर अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे से बाहर नहीं किया जा सकता है कि कोई लाभ कमाने वाली कंपनी इसे जारी कर रही है।

हिंदी राजभाषा, राष्ट्रभाषा और विश्वभाषा

केंद्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्घचित करने हेतु भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा उठाए गए कदमों के परिणामस्घ्वरूप कंप्घ्यूटर पर हिंदी में कार्य करना अधिक आसान एवं सुविधाजनक हो गया है।एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति और संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जो हमारे पांरपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्घ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिंदी का एक विशेष स्थान है। आज देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ–साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। देश की राजभाषा हिंदी होने के बावजूद आज हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है। हिंदी जानते हुए भी लोग हिंदी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। इसलिए भारत सरकार का प्रयास है कि हिंदी के प्रचलन के लिए उचित माहौल तैयार किया जा सके। राजभाषा हिंदी के विकास के लिए खासतौर से भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत राजभाषा विभाग का गठन किया गया है। भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो। केंद्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्घचित करने हेतु भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा उठाए गए कदमों के परिणामस्घ्वरूप कंप्घ्यूटर पर हिंदी में कार्य करना अधिक आसान एवं सुविधाजनक हो गया है। राजभाषा विभाग द्वारा वेब आधारित सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है, जिससे भारत सरकार के सभी कार्यालयों में हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा अन्घ्य रिपोर्टें राजभाषा विभाग को त्घ्वरित गति से भिजवाना आसान हो गया है। सभी मंत्रालयों और विभागों ने अपनी वेबसाइटें हिंदी में भी तैयार कर ली हैं। सरकार के विघभिघ्न्घ्न मंत्रालयों एवं विघ्भागों द्वारा संचालिघ्त जन कल्घ्याण की विघभिघ्न्घ्न योजनाओं की जानकारी आम नागरिघ्कों को हिंदी में मिघ्लने से गरीब, पिघ्छड़े और कमजोर वर्ग के लोग भी लाभान्घविघ्त होते हुए देश की मुख्घ्यधारा से जुड़ रहे हैं।देश की स्घ्वतंत्रता से लेकर हिंदी ने कई महत्घ्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत सरकार द्वारा विकास योजनाओं तथा नागरिक सेवाएं प्रदान करने में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हिंदी तथा प्रांतीय भाषाओं के माध्यम से हम बेहतर जन सुविधाएं लोगों तक पहुंचा सकते हैं।

डोनाल्ड ट्रंप आखिर पलटी मारी

जैसी कि उम्मीद थी ठीक वैसा ही हुआ। अभी तक भारत से खुंदक निकाल रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आखिर, पलटी मार गए। भारत को धो–धो कर कोस रहे ट्रंप समझ चुके हैं कि उनकी तिरछी चाल से भारत का तो जो होगा सो होगा बेइज्जती तो अमेरिका और उनकी खुद की होने वाली है। शुल्क और रूसी तेल खरीद को लेकर अमेरिका और भारत के मध्य भारी तनाव पैदा करने के बाद ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष संबंध हैं। इस पलटी को खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे के सिवा और क्या कहा जा सकता है। दोनों देशों के बीच संबंध पिछले दो दशकों में सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं।अपने मित्र मोदी से मित्रता को याद करते हुए ट्रंप कहे बिना नहीं रह सके कि श्मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा..वह शानदार प्रधानमंत्री हैं।य ट्रंप की इस चालबाजी को भांपते हुए भारत को गद्गद् होने की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने पिछले कुछ समय में भारत के साथ जो अपमानकारी हरकतें की हैं, उन्हें भारत को नहीं भूलना चाहिए। अपनी आदत से बाज न आते हुए अब भी उन्होंने यह तो कह ही दिया कि उन्हें इस समय मोदी द्वारा किए जा रहे काम पसंद नहीं आ रहे।वह इस बात से निराश हैं कि भारत रूस से बहुत ज्यादा तेल खरीद रहा है। इससे पहले ट्रंप ने श्ट्रुथ सोशलय पर अपनी पोस्ट में कहा था, श्लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। ईर करे कि उनका भविष्य दीर्घकालिक और समृद्ध हो।य ट्रंप चीन से भारत के सुधरते रिश्तों में खटास लाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन से आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के ठहाके लगाते चित्रों ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। इससे ट्रंप की बेचैनी बढ़ी हुई है। वह किसी भी तरह इन तीनों नेताओं में दूरी पैदा करना चाहते हैं। भारत को चाहिए कि वह बदलती वैश्विक जरूरतों में अपना फायदा देखते हुए किसी चालबाजी में न फंसे। अपनी शतरे पर व्यापार करना एक सार्वभौमिक राष्ट्र का अपना मसला है, हम किससे तेल खरीदें या न खरीदें और कितना खरीदें अमेरिका को बीच में पड़ने की जरूरत नहीं है।मोदी ने ट्रंप की चाल को भांपते हुए जो सधी हुई प्रतिक्रिया दी है, उसकी प्रशंसा की जा सकती है क्योंकि परिदृश्य में आया बदलाव ट्रंप और अमेरिका पर पड़े दबाव को दिखाता है। भारत को किसी की लल्लोचप्पो में आने की जरूरत नहीं है। ये ट्रंप के सीधी लाइन पर आने के संकेत हैं।

हवाई जहाज में चलने वाले हवाई चप्पल पर आ गए

हरिशंकर व्यास

प्रधानमंत्री मोदी ने सपना दिखाया था कि हवाई चप्पल वाला भी हवाई जहाज में उड़े। और हुआ क्या? वे खुद तो साढ़े आठ हजार करोड़ रुपए के हवाई जहाज में उड़ने लगे लेकिन दूसरी तरफ हकीकत है कि हवाई चप्पल वाला तो हवाई जहाज में नहीं बैठ सका पर जो हवाई जहाज में चलते थे वे भी हवाई चप्पल पर आ गए। एक के एक बाद एक बड़ी विमानन कंपनियां बंद हो गईं। जेट और गो एयर जैसी बड़ी कंपनियां बंद हुईं। उनके जहाज खड़े हो गए। दो कंपनियों का एकाधिकार अब पूरे विमानन उद्योग पर है। ये कंपनियां मनमाने तरीके से रूट तय करती हैं और मनमाने तरीके से किराया लेती हैं। यात्रियों की रक्षा का कोई उपाय किसी नियम के जरिए नहीं है। सब कुछ एल्गोरिदम पर आधारित है।

अगर किसी ने एक रूट पर किराया दो बार सर्च कर दिया तो किराया बढ़ कर डेढ़ गुना हो जाएगा। अगर किसी ने एक बार में रिटर्न टिकट लेने की बजाय एक तरफ की टिकट ली है तो वापसी की टिकट इतनी महंगी हो जाएगी की पसीने छूट जाएंगे। लगभग सभी विमानन सेवाएं सस्ती विमान सेवा के रूप में चल रही हैं, लेकिन उसमें भी किराया प्रीमियम से कम नहीं होता है। कुछ खाना है तो वह खरीदना पड़ेगा, चार गुना कीमत पर। प्रीमियमम क्लास में भी ग्राहक को खिचड़ी सर्व हो रही है! हवाईअड्डों पर हर चीज की कीमत किसी अच्छे मॉल की तुलना में भी तीन गुनी, चार गुनी है। पार्किंग के रेट मनमाने हैं। बैगेज पर अलग पाबंदियां बढ़ती जा रही हैं। किसी भी स्तर पर यात्रियों के हितों का ध्यान रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। तमाम सरकारी एजेंसियां विमानन कंपनियों के हिसाब से काम कर रही हैं। और उनका हिसाब है यात्रियों को कितनी तरह से लूटना।

ऐसा नहीं है कि निजी कंपनियां विमान चला रही हैं इसलिए वहां समस्या है। ट्रेन तो सरकार खुद भी चला रही है लेकिन वहां और बुरी दशा है। सरकार का जोर प्रीमियम ट्रेन चलाने पर है लेकिन पता नहीं कैसे उसे दिख नहीं रहा है कि प्रीमियम ट्रेनें खाली चल रही हैं। अब वंदे भारत और तेजस की चर्चा नहीं है। बिहार चुनाव है तो अमृत भारत ट्रेन की चर्चा है। पिछले दिनों रेलवे ने तत्काल टिकट के नियमों में बदलाव किया कि पहले आधे घंटे तक एजेंट टिकट नहीं ले सकेंगे। आम लोगों को ही टिकट मिलेगी, जिनके आधार वेरिफाई किए जाएंगे। लेकिन उसका क्या फायदा हुआ? पहले आधे घंटे आईआरसीटीसी की साइट ही हैंग हो जा रही है या आधार ही वेरिफाई नहीं हो पा रहा है। यह सामान्य टिकटों में भी हो रहा है। महीनों पहले लोग टिकट की बुकिंग कराते हैं लेकिन जिस दिन बुकिंग शुरू होती है उस दिन ज्यादातर सामान्य यात्रियों को आईआरसीटीसी की साइट पर बुकिंग में समस्या आती है और दोबारा सिस्टम रिफ्रेश कर के वे बुकिंग के लिए जाते हैं तब तक वेटिंग आने लगती है।

ऐसा लाखों लोगों के साथ होता है। ऊपर से जब वेटिंग टिकट कैंसिल कराएं तो पैसे अलग से कट जाते हैं। यानी टिकट भी नहीं मिली और पैसे भी कट गए। इसके बाद ज्यादा पैसे देकर एजेंट से टिकट खरीदने के अलावा कोई रास्ता नहीं होता है। ट्रेनों में हवाईजहाज की तरह डायनेमिक या फ्लेक्सी फेयर का कांसेप्ट लागू कर दिया है, जिसके बाद एक हजार रू की टिकट लोगों को दो हजार, ढाई हजार में मिलती है। इतनी महंगी टिकट लेने के बाद यात्रा पहले जैसी ही है। लेकिन रेल मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस देखें तो लगेगा कि सन 1853 में पहली ट्रेन चलने से भी बड़ी क्रांति पिछले 10 साल में हुई है।

सड़क परिवहन में सबसे ज्यादा मनभावक हरियाली याकि क्रांति का दावा है। हर जगह एक्सप्रेसवे की चर्चा है। पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल मिलाने का जो लक्ष्य 2030 तक पूरा होना था वह 2025 में ही पूरा हो गया। भले लोग चिल्ला रहे हैं कि इथेनॉल मिलाने से गाड़ियों के इंजन पर असर हो रहा है और माइलेज भी कम हो रही है लेकिन सरकार कान में तेल डाल कर बैठी है। सबसे दिलचस्प यह है कि कीमत कम करने के लिए इथेनॉल मिलाना शुरू हुआ था। लेकिन कीमत कम होने की बजाय अब तक के उच्चतम स्तर पर है। यानी कीमत कम नहीं हुई उलटे माइलेज कम होने से खर्च बढ़ गया और गाड़ियों के इंजन समय से पहले खराब होने लगे। इन दिनों आयकर रिटर्न जल्दी दाखिल करने की रोज अपील जारी की जा रही है। कहा जा रहा है कि आप टैक्स देंगे तो हाईवे और एक्सप्रेसवे बनेंगे, देश के विकास में आपका योगदान होगा। लेकिन आय कर देने वाली एक मुर्गी छह बार हलाल हो रही है। एक बार आपने अपनी आय पर टैक्स दिया। फिर उस आय से गाड़ी खरीदी तो उस पर 28 फीसदी टैक्स दिया। उस गाड़ी का रजिस्ट्रेशन कराया तो वन टाइम रोड टैक्स दिया। गाड़ी का बीमा लिया तो उस पर टैक्स दिया, जो हर साल देना है। उसके बाद गाड़ी में पेट्रोल या डीजल डलवाया तो उस पर 43 फीसदी तक टैक्स दिया और ऊपर से प्रति लीटर एक रुपए का इंफ्रास्ट्रक्चर सेस भी चुकाया। इतना करने के बाद गाड़ी लेकर सड़क पर निकले तो आपका पाला टोल टैक्स से पड़ेगा। दिल्ली से लखनऊ की यात्रा में एक तरफ का टोल नौ सौ रुपए के करीब है। सोचें, आम आदमी के टैक्स से बनी सड़क पर चलने के लिए छह तरह के टैक्स अलग से देने होते हैं।

सोचे, दुनिया मेंऐसी हरियाली कहां मिलेगी? सड़क परिवहन का मतलब अब निजी गाड़ियों से यात्रा ही हो गया है क्योंकि

ज्यादातर राज्यों सड़क परिवहन की सार्वजनिक व्यवस्था बहुत लचर हुई पड़ी है।

आज का राशिफल

मेष राशिफल–

प्रतिभा में आएगा निखार आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख–सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेगे, आपको अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरुरत है।

मेष राशि–

आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले में शहर से बाहर जाना पड़ सकता है।

मिथुन राशिफल व्यापार में पाएंगे लाभ आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी।

कर्क राशिफल जीवनसाथी के जरिए मिलेंगी खुशियां

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियाँ देंगे। आज कार्यों में माता–पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जायेंगे।

सिंह राशिफल हो सकता है इंक्रीमेंट

आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है, पार्टी में कोई नयी जिम्मेदारी मिलेगी।

कन्या राशिफल आर्थिक लाभ के योग आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आज कोई शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए।

तुला राशिफल रुका काम पूरा होगा आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे।

वृश्चिक राशिफल कार्यों में सफलता आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा।

धनु राशिफल दोस्तों से होगी बात

आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको खुशी मिलेगी।

मकर राशिफल आर्थिक मामलों में माता–पिता का सहयोग

आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। बॉस आपको कोई नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी।

कुंभ राशिफल बच्चों की इच्छा करेंगे पूरी

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है।

मीन राशिफल

घर का माहौल रहेगा खुशनुमा

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बडों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा।

बैठक करते डीएम शिवशरणप्पा जीएन।

कर करेत्तर एवं सीएम डैशबोर्ड से राजस्व कार्यो की हुई समीक्षा बैठक

चित्रकूट। डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व कार्य से संबंधित समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में वाणिज्य कर, आबकारी, परिवहन, स्टांप, खनन, बैंक, विद्युत, सिंचाई, बांट माप, मंडी, खाद्य सुरक्षा आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कर एवं करेत्तर की वसूली में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में यह पाया गया कि कुछ विभागों द्वारा अपेक्षित प्रगति नहीं की गई है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी और आगामी दिनों में वसूली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसीलदार, नायब तहसीलदार व पुलिस की टीम संयुक्त रूप से अभियान चलाकर वसूली कराए। खनन विभाग की आरसी तहसील कर्वी के अंतर्गत अधिक है। इसमें वसूली कराए। लंबित बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा गया कि आम जनता को कर जमा करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लिए जनसुविधा केंद्रों एवं ऑनलाइन पोर्टल्स को सक्रिय रूप से उपयोग में लाया जाए। राजस्व कार्यो की समीक्षा में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नामांतरण, आय, जाति, खसरा खतौनी अपडेट, ई–गवर्नेंस सेवाओं की स्थिति आदि जिस संबंधित पटल से है उसका समय से निस्तारण कराए। ,उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश है कि प्राथमिकता के साथ जो टाइम लाइन दिया गया है उसी के अनुसार समय से निस्तारण कराए एवं शिकायत निवारण प्रणाली की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने यह भी कहा कि सीएम डैशबोर्ड एक पारदर्शी और उत्तरदायी शासन व्यवस्था का माध्यम है। जिसे प्रभावी रूप से उपयोग में लाया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम से कहा कि राजस्व संबंधी लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं और फील्ड स्तर पर नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। उन्होंने यह भी कहा कि जो अधिकारी कार्य नहीं करते हैं संबंधित को नोटिस जारी करें। इस अवसर पर सदर एसडीएम पूजा साहू, एसडीएम मऊ आरआर रमन, अपर एसडीएम राकेश कुमार पाठक, अपर एसडीएम पूजा गुप्ता सहित तहसीलदार, नायक तहसीलदार व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अमीरी-गरीबी का भेद खत्म करने को संत विनोबा भावे ने चलाया था भू-दान यज्ञ पदयात्रा

-131वें जन्मदिन पर हुई चिंतन गोष्ठी, 1952 में चित्रकूट आए थे विनोबा

चित्रकूट। भारतरत्न संत विनोबा भावे के 131वें जन्मदिन मनाने के लिए चित्रकूट लोकनीति विचार मंच के तत्वावधान में सर्वोदय सेवा आश्रम मे जय जगत बनाम एक पृथ्वी एक परिवार की परिकल्पना को साकार करने में वर्तमान चुनौतियां और समाधान के विकल्प पर चिंतन किया गया। चिंतन गोष्टी में विद्वतजनो ने संत विनोबा भावे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। साहित्यकार कवि हनुमान प्रसाद निर्मल ने अध्यक्षता का। समाजशास्त्री पुरुषोत्तम ने विचार गोष्ठी विषय की पृष्ठभूमि को रेखांकित करते हुवे कहा कि संत विनोबा भावे ने जय जगत का नारा 1952 में दिया था। जब वह भूदान यज्ञ के लिए गांव–गांव पदयात्रा कर रहे थे। आजादी के तुरंत बाद ही भारत में भूमि की असमानता को लेकर एक वर्ग में संघर्ष पैदा हो गया था। जिसमें समाज भूमिधारकों की हत्या करने लगा था और यह कलंक स्वतंत्र भारत के लिए सबसे बड़ा धब्बा था। सरकार समाधान करने में असफल रही। भूमिधारकों के बीच विनोबा ने खड़े होकर प्रार्थना करते हुए निवेदन किया आप लोगों के पास अपार संपत्ति है कुछ थोड़ी संपत्ति इन भूखे नगों दे दीजिए। उनकी प्रार्थना को बड़े–बड़े जमीदारों ने सुना और एक ने कहा कि वह अपनी जमीन दान करता है। बस वहीं से शुरू हुआ भू–दान यज्ञ आंदोलन। जिसमें संत विनोबा भावे 13 साल पैदल चलते रहे और करीब चार लाख एकड़ भूमि का दान जमींदारों ने दिया। उनकी पदयात्रा का सबसे बड़ा लक्ष्य था जाति, धार्मिक, गरीबी, अमीरी के भेद को कम करने वाले विचारों को कम करना। लोगों में प्रेम का संचार पैदा करना। उन्होंने जनसंवाद को आधार माना। उनके इस काम को पूरे विश्व ने महान माना। सामाजिक चिंतक राम मनोहर वर्मा ने कहा कि जय जगत और एक पृथ्वी एक परिवार यह दोनों नारे मानवता की रक्षा के लिए सबसे बड़ा मंत्र है। समाजशास्त्री शिक्षक कवि दिनेश चौहान ने कहा कि भारत की संस्कृति और सभ्यता इन दोनों के बीच बहुत बड़ी खाई पैदा हो चुकी है। जिसका सबसे बड़ा कारण है बाजारवाद और पश्चात्य सभ्यता। कवि हबीब ने कहा कि आज पूंजीवाद जबरदस्त हावी है। साहित्यकार कवि अख्तर फराज ने कहा कि यह सोचना होगा कि सरकार गरीब किसानों की जमीनों को कंपनियों के हवाले करने के लिए अगुवाई करती है। किसान की जमीन कम दाम में मिल जाती है। जबकि अधिग्रहण कानून के द्वारा जमीन ली जाती तो उसका लाभ अधिग्रहण कानून के तहत किसान को मिलता। सामाजिक कार्यकर्ता अभिमन्यु ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री 2047 में भारत कैसा दिखना चाहिए इसका विजन तैयार करने के लिए प्रत्येक प्रदेश के प्रत्येक जिले में संवाद शुरू कराए हैं। उन्होंने चित्रकूट विजन पर चर्चा की। साहित्यकार कवि गुरु प्रसाद ने कहा कि चित्रकूट की धरती में रहने वाले सारे परिवार एक तभी होगे जब जातियों के बीच जो भेद है वह समाप्त होगा। चित्रकूट का विजन है एक परिवार कैसे बने।चिंतन गोष्ठी में हनुमान प्रसाद निर्मल ने संत विनोबा भावे और चित्रकूट से उनके संबंध में बताया कि जिस सर्वोदय सेवा आश्रम की भूमि में चिंतन गोष्टी कर रहे हैं वहां प्रेम अहिंसा की पाठशाला लगा कर गए थे। जून 1952 में संत विनोबा भावे की भू–दान यज्ञ पदयात्रा शिवरामपुर होते हुए प्रातः 11 बजे सर्वोदय सेवा आश्रम मे आकर दोपहर के पड़ाव पर रुकी। अंत में श्री निर्मल ने कहा कि सब लोगों को समाज के अंतिम पायदान में रहने वाले लोगों के बीच में जाना चाहिए। ताकि उनकी आवाज को बुलंद कर सकें।

स्वदेशी से पूरा होगा आत्मनिर्भर विकसित भारत संकल्प : आलोक पाडेय

चित्रकूट। भाजपा के सेवा पखवाड़ा अभियान की मण्डल कार्यशालाएं आयोजित की गई। अलग–अलग स्थानो पर मुख्य अतिथि जिले से तय किए गए एवं अध्यक्षता मण्डल अध्यक्षों ने की। भरतकूप मण्डल की कार्यशाला में कार्य योजना साझा करते हुए मुख्य अतिथि जिला महामंत्री सेवा पखवाड़ा अभियान के जिला संयोजक आलोक पांडेय ने कहा कि हर पर्व स्वदेशी का संकल्प पर्व बने। जो भी स्थानीय स्तर पर बनने वाला सामान खरीदें तो उसके साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में साझा करते हुए लिखे गर्व से कहो यह स्वदेशी है। स्वदेशी से आत्मनिर्भर विकसित भारत संकल्प पूर्ण होगा। सेवा पखवाड़ा में हर कार्यकर्ता सेवा का संकल्प लें। कार्यकर्ता अपने कार्यक्षेत्र में मोदी जैसे सेवक बने। मोदी जी का जीवन सेवा का जीवंत उदाहरण है। आगामी पंचायत चुनाव, मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम तथा स्नातक विधान परिषद सदस्य चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव पर हर सीट पर कार्यकर्ता ही चुनाव लड़े। मतदाता सूची में एक भी अवैध मतदाता रहने न पाए। मतदाता सूची में हर नवमतदाता का नाम शामिल हो। स्नातक निर्वाचन में ज्यादा से ज्यादा स्नातक मतदाता बनाएं। साथ ही मण्डल स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्तदान करना है और दूसरे लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें। 25 सितंबर को सभी बूथ पर पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई जाएगी। मण्डल अध्यक्ष प्रमोद पटेल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अभियानों को सफल बनाएं। कार्यशाला का संचालन मण्डल महामंत्री विनय उपाध्याय ने किया। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शिवरामपुर मण्डल में भी कार्यशाला आयोजित हुई। जिसके मुख्य अतिथि दिनेश तिवारी तथा अध्यक्षता ओमप्रकाश मिश्र ने की। मण्डल कार्यशाला में रक्तदान कैम्प, स्वास्थ्य शिविर, स्वदेशी मेला, स्वच्छता अभियान, प्रदर्शनी, संगोष्ठी आदि कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। कार्यशाला में सुरेश अनुरागी, सच्चिदानंद गर्ग, विनय, विकास, रमाकांत, शारदा विश्वकर्मा, रामबरण कुशवाहा, व्यंकटेश, राममिलन कोटार्य, सनत, आशीष, राजेन्द्र, भानु, सुरेश गुप्ता, राकेश, श्रवण आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिक्षको से वार्ता कर लगवाएं सोलर पैनल : सीडीओ

-बैठक से अनुपस्थित रहने पर दुग्ध विकास अधिकारी का एक दिन का रोका वेतन

चित्रकूट। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत जिन बिंदुओं पर प्रगति ठीक नहीं है उसमें सुधार कराएं। जिससे जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे। यूपी नेडा को निर्देश दिए कि पीएम सूर्यधर योजना प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्रमुख योजनाओं में है। लाभार्थियों से वार्ता कर लक्ष्य के अनुरूप सोलर पावर लगाएं। जिससे लक्ष्य के अनुरूप प्रगति हो सके। उन्होंने वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि अपने संबंधित कर्मचारियों से जूम मीटिंग के माध्यम से वार्ता कर अधिक से अधिक लगवाएं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि सभी सरकारी एवं प्राइवेट टीचरों से वार्ता कर लगवाएं। बैठक में दुग्ध विकास अधिकारी के अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिन के वेतन रोकने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा भूपेश द्विवेदी, उप निदेशक .षि राजकुमार, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा डीएन पांड्येय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण करते एसपी अरुण कुमार सिंह।

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन्स में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने टोलियों, रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, तत्पर और अनुशासन बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए। स्वास्थ्य लाभ के लिए परेड की दौड़ करायी। इस दौरान अधिकारी, कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया।

परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी। सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया। अनुशासन, एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में बताया। परेड ग्राउंड में आर्मोरर द्वारा शस्त्रों का खोलने जोड़ने व हैन्डलिंग की जानकारी दी गयी। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार व दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों, थानों के वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरटीसी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, मंदिर, भोजनालय, आर्मरी का निरीक्षण किया। साफ सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव, आरटीसी प्रभारी प्रदीप कुमार यादव, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

गोवंश को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए रेडियम पट्टा की पहल।

आजमगढ़। नेशनल हाइवे 233 पर बेसहारा गोवंशों की वजह से आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन, नगर पंचायत और आइडियल पत्रकार संगठन ने सराहनीय कदम उठाया है।लोहरा से लेकर छितौनी तक हाईवे पर बड़ी संख्या में बेसहारा पशु खुलेआम घूमते रहते हैं। रात के समय अंधेरे में ये पशु सड़क पर बैठ जाते हैं, जिससे वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते और दुर्घटनाएं हो जाती हैं। कई पशु इन हादसों में अपाहिज भी हो चुके हैं।इन्हीं घटनाओं को रोकने के लिए संयुक्त मुहिम के तहत इन पशुओं के गले में रेडियम पट्टा लगाया जा रहा है, ताकि वे दूर से ही लोगो को नजर आएं और सड़क दुर्घटनाओं से बच सकें।

नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी विनय शंकर अवस्थी ने बताया कि नगर क्षेत्र के भीतर मिलने वाले बेसहारा पशुओं को पकड़वाया जा रहा है जबकि नगर क्षेत्र से बाहर मौजूद पशुओं को रेडियम पट्टा पहनाकर उन्हें सुरक्षित बनाया जा रहा है। थाना अध्यक्ष अमित कुमार मिश्र ने इसे सड़क सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम बताया, उन्होंने कहा कि रेडियम दूर से ही दिखाई देता है जिससे सड़क दुर्घटना को रोका जा सकता है।पत्रकार संगठन के सदस्यों ने कहा कि समाजहित में ऐसे कार्य करना उनका दायित्व है, ताकि बेजुबान पशुओं की जान बचाई जा सके। व्यापारी अमित कुमार जायसाल ने भी अपील किया कि जो लोग पशुओं को छोड़ते हैं वे उनसे संपर्क करें, उन्हें रेडियम पट्टा उपलब्ध कराया जाएगा। इस मुहिम में दरोगा विनय कुमार यादव, गोविंद मौर्य, पत्रकार प्रवीण कुमार, पत्रकार राजेश सिंह, पत्रकार आशीष कुमार, पत्रकार आकाश मोदनवाल, सूरज सिंह, जय नारायण, और व्यापारी अमित कुमार जायसवाल सहित कई लोग सक्रिय रूप से शामिल रहे।

सराय गांव के भोजपुरी संगीत कलाकार ने दूरदर्शन

आजमगढ लालगंज तहसील के सराय गांव के भोजपुरी संगीत कलाकार ने दूरदर्शन लखनऊ मे 19 जुलाई 2025 की रिकार्डिंग व सूटिंग मे लोक रंग सुरो के संग कार्यक्रम मे जादू बिखेरा था । जिसका लाइफ (सीधा)प्रसारण 13 व 14 सितम्बर को रात्रि 09 बजे दूरदर्शन उत्तर प्रदेश पर होगा । लखनऊ दूरदर्शन उत्तर प्रदेश एक बार फिर लोक संस्कृति व संगीत के रंगों से सराबोर हो उठा है। चौनल पर प्रसारित हो रहा विशेष कार्यक्रम "लोक रंग सुरों के संग" दर्शकों के बीच खासा लोकप्रिय हो रहा है। इस कार्यक्रम में आजमगढ जिले की शान लालगंज के लाल भोजपुरी सुरों के उस्ताद निशिकांत दुबे उर्फ 'निशु बाबा' ने अपनी अद्भुत गायकी से ऐसा जादू बिखेरा कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। उनकी आवाज व सुरों ने कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया। आत्मप्रकाश की प्रेरणा, ध्रुवचंद्र के सफल निर्देशन व शेखर व संजय दुबे के प्रयासों ने इस कार्यक्रम को एक नई पहचान दी है। इस बार के अंक में अवधी, बुंदेली, ब्रज व भोजपुरी की समृद्ध लोकधुनों का बेहतरीन समायोजन प्रस्तुत किया गया, जो उत्तर भारत की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करता है। कार्यक्रम का संचालन सीमा शाही व रजनीश त्रिवेदी "मिशाइल फूफा" की जोड़ी ने कुशल प्रस्तुति से माहौल को जीवंत व मनमोहक बना दिया ।कार्यक्रम न केवल लोकगीतों के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है । बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी प्रयास है।

बैठक में निर्देश देतीं सीडीओ अमृतपाल कौर।

सदर विधायक ने अम्बेडकर पार्क के लिए भूमि चिन्हित करने को दिया पत्र

चित्रकूट। सदर विधायक अनिल प्रधान ने सदर एसडीएम से मुलाकात कर कर्वी नगर पालिका क्षेत्र के आसपास संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा, पार्क एवं अनुयायियों को बैठने के लिए हॉल निर्माण के लिये जमीन उपलब्ध कराये जाने की प्रक्रिया पूर्ण करने के संबंध में पत्र सौपा। गौरतलब है कि सदर विधायक ने विधानसभा के द्वितीय सत्र में सदन में मामला उठाया था। जिसमें उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र या उसके अगल बगल पार्क की स्थापना के लिये जमीन उपलब्ध कराये जाने का निवेदन किया था। नियम–51 के जवाब में षासन को जो रिपोर्ट भेजी गई उसमें मंत्री द्वारा जवाब दिया गया कि नगर पालिका क्षेत्र या पालिका स्वामित्व की कोई भूमि उपलब्ध नहीं है। जिस पर जिलाधिकारी ने 12 अगस्त को उपजिलाधिकारी कर्वी एवं अधिषासी अधिकारी नगर पालिका को नगर पालिका क्षेत्र व अगल बगल की ग्राम पंचायतों में पार्क स्थापना के लिये जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, किन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिस पर सदर विधायक ने एसडीएम को पत्र सौपकर जल्द जमीन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को पूर्ण कराने के लिये कहा है।

निजामाबाद कस्बे के फरहाबाद मुहल्ले में पशुओं में फैला है लम्पी वायरस ,डाक्टरों की टीम नदारद,पशु पालक परेशान।

आजमगढ़ ।निजामाबाद और आस पास गांवों में गोवंश मवेशियों में तेजी से लम्पी वायरस फैला है ।क्षेत्र के बहुत से गांवों के मवेशी इस बीमारी से प्रभावित हो गए हैं ।समुचित उपचार न मिलने से मवेशियों की मौत हो जा रही हैं ।इसके प्रभाव से मवेशियों के शरीर पर गांठें बनकर पक जा रही है और मवेशी को तेज बुखार हो जा रहा है ।इन दिनों गोवंश मवेशियों में लम्पी वायरस तेजी से फैल रहा है ।पशुओं में फैलने वाली इस बीमारी से पशुपालक परेशान है ।लम्पी वायरस गाय प्रजाति के पशुओं में फैल रहा है ।लम्पी वायरस के प्रभाव से पशुओं को तेज बुखार, आंख नाक से पानी गिर रहा है,पैरों में सूजन पूरे शरीर पर कठोर और चपटी गांठ हो जा रही है,जो पक जा रही है ।प्रभावित मवेशी को सांस लेने में परेशानी हो रही है।

समुचित उपचार न मिलने पर पशु की मौत हो जा रही है ।बछड़ा और बछिया संक्रमण की चपेट में आ रहे है तो उनकी भी मौत हो जा रही है ।जिस मवेशी की रोग प्रतिरोधी क्षमता कमजोर है वे मवेशी जल्दी प्रभावित हो जा रहे हैं ।क्षेत्र का कोई गांव ऐसा नहीं बचा है जहां पर पशु इस बीमारी से नहीं प्रभावित हुआ है ।फरहाबाद मुहल्ले के कृपाशंकर मिश्रा की चार गाएं,आकाश मिश्रा की दो गाएं, लोरिक यादव सहित दर्जनों लोगों की गाए लम्पी वायरस की चपेट में आकर बीमार है लोग परेशान है डाक्टरों की टीम भी नदारद है ।अभी तक ब्लाक की डाक्टरों की टीम भी क्षेत्र में नहीं पहुंची है कि किसी गांव में जाकर पशुओं की देखभाल कर इस बीमारी का टीका पशु को टीका लगा सके।

पूनम यादव ने अपनी मेहनत और लगन से लालगंज क्षेत्र का नाम किया रोशन

आजमगढ़ लालगंज तहसील क्षेत्र के श्रीकांतपुर गाँव की पूनम यादव ने अपनी मेहनत और लगन से एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सुंदर लाल स्मारक गौरी इंटर कॉलेज के प्रबंधक गौरीशंकर यादव की पुत्री पूनम यादव का चयन भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के तहत राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला तिरुपति, आंध्रप्रदेश में जूनियर रिसर्च फेलो (श्रत्थ) के रूप में हुआ है। इस उपलब्धि से गाँव और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। पूनम यादव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने पिता द्वारा संचालित सुंदर लाल स्मारक गौरी इंटर कॉलेज, श्रीकांतपुर से प्राप्त की। उन्होंने हाईस्कूल में 88:, इंटरमीडिएट में 83:, और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से भौतिकी में एमएससी 80: अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इसके बाद पूनम ने जयपुर में रहकर विज्ञान और प्रौद्योगिकी की प्रतिष्ठित ळ।ज्म् परीक्षा (2025) में सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि ने उन्हें इसरो की राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला में शोध कार्य के लिए मार्ग प्रशस्त किया। एक प्रेस वार्ता के दौरान कॉलेज के प्रबंधक गौरीशंकर यादव ने बताया कि पूनम की इस उपलब्धि से न केवल परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गर्व है। उन्होंने पूनम की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।इस अवसर पर क्षेत्र के समाजसेवी होरी लाल यादव,पूर्व प्रधान अरुण कुमार यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अखिलेश यादव उर्फ डब्बू यादव,अशोक कुमार शुक्ल, दीपक राय,दिनेश विश्वकर्मा, अमरनाथ पाल,डॉ. रामसेवक कनौजिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश शासन स्वास्थ्य चिकित्सा द्वारा दो चिकित्सा अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में किया गया परिवर्तन

आजमगढ़ जनपद में तैनात दो चिकित्सा अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बृहस्पतिवार को देर रात उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग द्वारा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा और सुदृढ़ बनाने के लिए परिवर्तन किया गया है।

जिसके तहत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अमर शहीद राजा जयपाल सिंह 100 शैया संयुक्त चिकित्सालय अतरौलिया में तैनात डॉक्टर सुरेंद्र कुमार को संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय लखनऊ में पदासीन किया गया है।

तो वहीं दूसरी तरफ वरिष्ठ परामर्शदाता मंडलीय चिकित्सालय आजमगढ़ में तैनात डॉक्टर दिनेश प्रसाद सिन्हा को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अमर शहीद राजा जयपाल सिंह 100 शैया संयुक्त चिकित्सालय अतरौलिया आजमगढ़ मैं पदासीन किया गया। दोनों चिकित्सा अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने–अपने नई तैनाती स्थल पर पद ग्रहण करने का आदेश पारित हुआ

स्वास्थ्य महोत्सव में पीसीओएस पर वृहद चर्चा

हमीदिया गर्ल्स डिग्री कालेज में स्वास्थ्य महोत्सव का दूसरा दिन

प्रयागराज। हमीदिया गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रयागराज, अपने स्वर्ण जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में, कॉलेज की स्वास्थ्य समिति, प्रयागराज अस्पताल, करेली और इनर व्हील क्लब ऑफ इलाहाबाद मिडटाउन के सहयोग से 11 सितंबर से 17 सितंबर 2025 तक ष्स्वास्थ्य महोत्सवष का आयोजन कर रहा है। स्वास्थ्य महोत्सव के दूसरे दिन आज प्रयागराज अस्पताल, प्रयागराज की त्वचा विशेषज्ञ डॉ. आफरीन फारूकी मुख्य वक्ता थीं। उन्होंने पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पीसीओएस प्रजनन आयु की महिलाओं में होने वाला एक सामान्य हार्मोनल विकार है, जिसकी विशेषता अनियमित या छूटे हुए मासिक धर्म, उच्च एण्ड्रोजन स्तर और अंडाशय पर कई छोटे सिस्ट हैं। इसके लक्षणों में अत्यधिक बाल उगना, मुंहासे, बांझपन और वजन बढ़ना शामिल हो सकते हैं। पीसीओएस टाइप 2 मधुमेह, हृदय संबंधी समस्याओं और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को भी बढ़ा सकता है। निदान आमतौर पर रॉटरडैम मानदंडों का पालन करता है, और प्रबंधन में जीवनशैली में बदलाव, दवाएँ, और प्रजनन एवं चयापचय दोनों पहलुओं को संबोधित करने के लिए एक बहु–विषयक दृष्टिकोण शामिल होता है। उन्होंने कहा कि उचित चिकित्सा मार्गदर्शन, उपचार और जीवनशैली में बदलाव के साथ, पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम पूरी तरह से प्रबंधनीय है। इस स्थिति से पीड़ित लोगों के लिए हार्मोन या शर्करा के स्तर पर नजर रखना आवश्यक हो सकता है। इसलिए, विश्वसनीय परीक्षण केंद्रों से संपर्क करना जरूरी है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नसीहा उस्मानी ने स्वागत भाषण देते हुए महोत्सव के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। यह संपूर्ण कार्यक्रम हमीदिया गर्ल्स डिग्री कॉलेज की स्वास्थ्य समिति द्वारा आयोजित किया गया था। समिति की संरक्षक श्रीमती तजीन एहसानुल्लाह, अध्यक्ष प्रो. नसीहा उस्मानी, संयोजक प्रो. सबीहा आजमी हैं। समिति की सक्रिय सदस्यों में श्रीमती नीरजा वर्मा, प्रो. इरम फरीद उस्मानी, डॉ. शबाना अजीज, डॉ. जरीना बेगम, डॉ. सिद्दीका जबीर और श्रीमती शरमीन फातिमा शामिल हैं।

सत्र का संचालन प्रो. इरम फरीद उस्मानी, समाजशास्त्र विभाग ने किया

और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सबीहा आजमी, समन्वयक, स्वास्थ्य समिति ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

लड़की बनने की चाहत में युवक ने काटा अपना प्राइवेट पार्ट

प्रयागराज। प्रयागराज में शुक्रवार को एक हैरान करने वाली घटना सामने आई। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले एक युवक ने लड़की बनने की चाहत में सर्जिकल ब्लेड से अपना प्राइवेट पार्ट काट दिया। दर्द से चीखने चिल्लाने और हालत नाजुक होने पर मकान मालिक को जानकारी हुई, तो उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उधर, परिजनों को जानकारी हुई तो वे सन्न रह गए। रोते बिलखते परिजन भी अस्पताल पहुंचे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अमेठी के किसान परिवार का इकलौता बेटा प्रयागराज के सिविल लाइंस में किराए पर कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है। उसका कहना है कि 14 साल की उम्र में जब स्कूल में पढ़ाई के दौरान लड़कियों के संग डांस कर रहा था, तब उसे एहसास हुआ कि वो लड़का जरूर है, लेकिन बाकी लड़कों की तरह नहीं है। उसके मन में बार–बार लड़की बनने की चाहत बढ़ती गई। प्रयागराज में रहते हुए उसे यूट्यूब और गूगल पर सर्च किया कि शारीरिक रूप से कैसे लड़की बना जाए। उसका कहना है कि कटरा के एक निजी डॉक्टर की सलाह पर उसने यह कदम उठाया है। युवक की मानें तो डॉक्टर ने ही उसे बेहोशी का इंजेक्शन, सीजर, चिमटी, रूई आदि दिया था। कमरे में इंजेक्शन लगाने के बाद सर्जिकल ब्लेड से अपना प्राइवेट पार्ट काट लिया। इसके बाद खुद ही मरहम पट्टी भी की। हालांकि कुछ घंटे बाद इंजेक्शन का असर कम होते ही असहनीय दर्द होने लगा। उसने चीखते हुए मकान मालिक को आवाज लगाई। उसे एंबुलेंस से पहले बेली अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख वहां से एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।एसआरएन अस्पताल के पीआरओ डॉ. संतोष सिंह का कहना है कि युवक अब खतरे से बाहर है। मामला जेंडर आइडेंटिटी डिसआर्डर का है। अस्पताल की मनोचिकित्सकीय टीम से परामर्श कर आगे उपचार किया जाएगा। उधर, अस्पताल में पहुंचे उसके परिजनों का हाल बेहाल है। परिजन डॉक्टर से अपने बच्चे को ठीक करने की गुहार लगा रहे हैं।

मनाई गई सेंट पीटर चर्च की 150वीं वर्षगांठ

बिशप ने केक काटकर मनाई खुशियां और किया बाइबल पाठ

प्रयागराज। म्योराबाद स्थित सैंट पीटर चर्च की 150वीं वर्षगाँठ की संध्या पर पूरे चर्च को रंगबिरंगी झालरों से सजाया गया। डायोसिस ऑफ लखनऊ, चर्च ऑफ नार्थ इंडिया के सचिव व चर्च के पादरी रेव० प्रवीन मैसी ने बताया कि 1858 में आगरा और सिकंदराबाद से काफी संख्या में मसीही समुदाय के लोग प्रयागराज आकर म्योराबाद में शरण लिया था। चर्च को बनाने के लिए 20,114 हजार रुपये का चंदा एकत्रित किया। चर्च की बनावट शैली प्रभु यीशु के क्रूस की आकृति पर आधारित है।म्योराबाद में सेंट पीटर चर्च बनाने के लिए लार्ड मेयर ने 40 एकड़ जमीन दान दी थी। इसके बाद 17 मई 1872 को तत्कालीन लेफ्टीनेंट गवर्नर लार्ड विलियम म्योर ने म्योराबाद चर्च की नींव रखी। चर्च का निर्माण कोलकाता के तत्कालीन बिशप मीलमेन के मार्गदर्शन में किया गया। 12 मार्च 1875 में यह चर्च आराधना के लिए पहली बार खुला। चर्च के प्रथम पादरी डेविड मोहन थे जिसके बाद पूरे इलाके का नाम म्योराबाद पड़ गया। चर्च में वर्तमान समय लगभग छह सौ से अधिक सदस्य हैं। वर्षगाँठ के अवसर पर चर्च के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। दो दिवसीय उत्सव पर मुख्य अतिथि बिशप मॉरिस एडगर दान ने केक काटकर खुशियां मनाई साथ ही बाइबिल का पाठ कराते हुए जनकल्याण की कामना किया। उन्होंने बाइबिल से इफिसियों 5रू25 से पाठ किया जहां उल्लिखित है "मसीह ने मण्डली से प्रेम रखा, और उसके लिए अपने आप को दे कहा कि प्रभु यीशु ने प्रेम व भाईचारा का जो संदेश दिया था" उन्होंने बताया चर्च का निर्माण आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ एक दूसरे के साथ प्रभु यीशु के सम्मुख सहभागिता करने का स्थान है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सुनील कुमार वर्मा ने दीं।

संवाद सम्प्रेषण तथा वाचिक अभिनय कार्यशाला का आयोजन

प्रयागराज। माध्यम संस्थान रंगमंडल की ओर से शुक्रवार को पी. एम. श्री केंद्रीय विद्यालय बमरौली में संवाद सम्प्रेषण तथा वाचिक अभिनय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्था के सचिव वरिष्ठ निर्देशक डॉ. विनय श्रीवास्तव ने वाचिक अभिनय की बारीकियों, भाषा की शुद्धता, रस, भाव आदि के बारे में बताते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास से हम किसी भी विधा में पारंगत हो सकते हैं, उन्होंने कहा कि बेहतर संवाद अदायगी हमारे व्यक्तित्व विकास में सहायक होती है। आरम्भ में विद्यालय के आचार्य सुकुमार श्रीवास्तव ने कार्यशाला की उपयोगिता बताते हुए भूमिका प्रस्तुत की। युवा अभिनेत्री दिव्या शुक्ला ने विद्यार्थियों को अंधायुग नाटक के संवादों का अभ्यास कराया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अनूप शुक्ला ने कार्यशाला के प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में वरिष्ठ रंग निर्देशक डॉ. अशोक कुमार शुक्ल, वरिष्ठ रंगकर्मी सुधीर सिन्हा, लवकुश भारतीय, प्रिया श्रीवास्तव, वंदना राठौर, विपिन गौड़, अंशु श्रीवास्तव, अनुश्री पॉल, अनूप श्रीवास्तव, शोभा शुक्ला, ओम श्रीवास्तव का विविध सहयोग रहा।

4 साल सहमति से साथ रहने के बाद शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप गलत मुकदमा करने की याचिका खारिज

प्रयागराज। महोबा जिले में कार्यरत अनुसूचित जाति की लड़की जो लेखपाल के पद पर अपने जिले में कार्यरत चरखारी क्षेत्र के ग्राम अंधौरा के लेखपाल प्रदीप कुमार सिंह पटेल से वर्ष 2019 में स्टाफ का होने के कारण जान पहचान हो गई। आरोप है कि 4 वर्ष पूर्व प्रदीप कुमार सिंह पटेल लेखपाल के द्वारा पीड़िता से कहा गया था कि जन्मदिन मनाने के लिए रात का डिनर करने की बात कही और प्रदीप कुमार सिंह पटेल के द्वारा कोल्डिंग में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर दिया गया। जिसका फायदा उठाकर प्रदीप कुमार सिंह पटेल ने उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन बलात्कार किया और उसकी अश्लील वीडियो बना लिया। उसके होश में आने पर उसने कहा कि शिकायत मत करना उससे शादी कर लेगा। उस व्यक्ति के झांसे में वह फस गई एवं प्रदीप कुमार सिंह पटेल लगातार 4 वर्षों से शादी का झांसा देकर बलात्कार करता रहा। मना करने पर वीडियो वायरल की धमकी देता था जिससे वह अपनी बदनामी के डर से उक्त व्यक्ति की कही पर शिकायत नहीं कर सकी। अब 4 साल बाद लड़की को जाति सूचक शब्दों हरिजन से अपमानित करते हुए कहां की तुमसे शादी नहीं करूंगा और जान से मारने की धमकी दी। इस बात की सूचना उसने उच्च अधिकारियों से एफ आई आर दर्ज करने के लिए शिकायत किया लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई तब याचिकाकर्ती ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एस सी ध्एस टी एक्ट) महोबा न्यायालय में परिवाद दाखिल किया इसके समर्थन में लेखपाल रामकुमार व लेखपाल दिनेश कुमार ने बयान भी दिया लेकिन विशेष न्यायाधीश एससी ध्एसटी एक्ट महोबा ने परिवादानी के प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

विपक्षी की ओर से अधिवक्ता सुनील चौधरी ने याचिका का विरोध करते हुए बहस में बताया कि पीड़िता के साथ नशीली दवा पिलाकर पहली बार जबरन बलात्कार किया गया उसने कोई शिकायत नहीं की तथा इसके पश्चात पक्षकारों के मध्य सालों तक शारीरिक संबंध बनते रहे साक्षी लेखपाल रामकुमार व दिनेश कुमार ने न्यायालय के समक्ष दिए गए अपने बयानों में भी कहा कि उनके मध्य प्रेम प्रसंग थे तथा शारीरिक संबंध बनते रहे। पीड़िता एक अनुसूचित जाति की महिला थी तथा उसे यह पता था कि विपक्षी गैर अनुसूचित कुर्मी जाति से संबंध रखता है जिस कारण दोनों की शादी में अडचन आएगी। पीड़िता द्वारा प्रेम संबंध रखते हुए विपक्षी द्वारा शादी करने का वादा करने पर 4 साल तक संबंध बनाए रखने का कोई शिकायत ना करना इस बात को इंगित करता है की पीड़िता ने अपनी सहमति से शारीरिक संबंध बनाए प्रथम दृष्टिया पर्याप्त सामग्री उपलब्ध नहीं होने के कारण आवेदिका का परिवाद पत्र अंतर्गत धारा 203 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत निरस्त कर दिया ।उस आदेश के विरुद्ध पीड़िता ने माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की।

याचिका पर न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने पीड़िता के अधिवक्ता भास्कर भद्रा व विपक्षी प्रदीप कुमार सिंह पटेल की ओर से अधिवक्ता सुनील चौधरी को सुना।

विपक्षी प्रदीप कुमार सिंह पटेल ,लेखपाल की ओर से अधिवक्ता सुनील चौधरी ने कहा पीड़िता की शिकायत थाने, एस डी एम,व एस पी महोबा को स्वयं लिखकर दिया कि मैं कोई कार्यवाही नही चाहती हु और हम लोग अलग अलग शादी कर लेंगे ।उसके बाद लेखपाल प्रदीप ने अपना उधार 2 लाख रुपये मांगा तो परिवाद केस कर दिया।

विपक्षी के अधिवक्ता की ओर से उच्चतम न्यायालय के आदेशों का हवाला दिया गया की 4 साल से महिला विपक्षी के साथ में सहमति से रह रही है विपक्षी ने याची के साथ कोई भी बलात्कार नहीं किया है जिस पर हाईकोर्ट ने भी पीड़िता की याचिका को खारिज कर दिया।

टेट परीक्षा को लेकर शिक्षक नेताओं ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को सौंपा ज्ञापन

लाखों शिक्षकों की नौकरियों पर मड़राते संकट के समाधान की मांग

बस्ती। शुक्रवार को अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर संघ के जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव और जिला उपाध्यक्ष शैल शुक्ला ने संघ अध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल के निर्देश के अनुरूप संयुक्त रूप से जनपद के दौरे पर आए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को भाजपा कार्यालय पर ज्ञापन सौपा। मांग किया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में 25 से लेकर 32 वर्षों तक शिक्षण कार्य करने के उपरांत टेट परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता के सम्बन्ध में प्रदेश सरकार रचनात्मक पहल करे और समस्या का हल निकाला जाय ।उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के साथ शिक्षक नेता अभय सिंह यादव और शैल शुक्ला ने बताया कि देश के प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ा रहे लाखों शिक्षकों के सामने इन दिनों गंभीर संकट मंडरा रहा है । सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हालिया आदेश में सेवा में कार्यरत शिक्षकों के लिए भी सेवा में पात्रता परीक्षा टेट पास करना अनिवार्य कर देना चिन्ताजनक है। प्रदेश सरकार इस समस्या का हल निकाले जिससे शिक्षकों के नौकरियों पर मड़रा रहे खतरों को टाला जा सके ।ज्ञापन लेने के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा यह सरकार के संज्ञान में है,सरकार द्वारा इस पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जा रहा है। शिक्षकों पर आए समस्या के संबंध में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा ने विस्तार से उपमुख्यमंत्री को शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया ।इस मौके पर शिवम शुक्ला, विजय प्रताप वर्मा आदि लोग शामिल रहे।

अबू हसन नौटंकी ने समापन समारोह में बाँधा समां

गीत, संगीत और हास्य से सराबोर प्रस्तुति में झलकी लोक शैली की खूबसूरती

प्रयागराज। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय नौटंकी समारोह का समापन शुक्रवार को यादगार बना। उर्मिल कुमार थपलियाल लिखित और दीप शर्मा के निर्देशन एवं परिकल्पना में प्रस्तुत नौटंकी 'अबू हसन' ने दर्शकों का गीत–संगीत और हास्य से भरपूर मनोरंजन किया।केंद्र प्रेक्षागृह म मंचित इस नाटक ने अरेबियन नाइट्स की कथा को नौटंकी शैली में जीवंत कर दिया। कहानी एक भोले–भाले, गरीब, बेरोजगार युवक अबू हसन की है, जो माली तंगी के बावजूद दोस्तों के साथ मौज–मस्ती और दावत में डूबा रहता है। उसकी आदतों से परेशान विधवा मां उसे समझाती है, लेकिन वह अपने ख्वाबों की दुनिया से बाहर नहीं आता। कहानी में मोड़ तब आता है जब राज्य का बादशाह वेश बदलकर रियाया की खबर लेने निकलता है और अबू हसन से भेंट होती है। इस नाटक में गीत, संगीत, नृत्य और हास्य का ऐसा सम्मिश्रण प्रस्तुत हुआ, जिसने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। मंच पर कलाकारों की अदाकारी और संवाद अदायगी ने माहौल को जीवंत बना दिया। इस अवसर पर शहर के गणमान्यजन, केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारी व बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। संचालन अभिजीत मिश्रा ने किया।

सपा कभी पिछड़ों का भला नहीं कर सकती-केशव मौर्य

कजरी महोत्सव में सांस्×तिक गीतों की धूम, गायकों ने परंपरागत गीतों से बांधा समां

बस्ती। बीआरसी हर्रैया के परिसर में स्थानीय विधायक अजय सिंह द्वारा कजरी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में आए कलाकारों ने आल्हा, कजरी, सोहर, भक्ति आदि पारंपरिक गीतों के द्वारा उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने महोत्सव में विभिन्न विभागों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल और प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

डिप्टी सीएम ने लाभार्थियों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना की चाबी, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, टैबलेट आदि वितरित किया। आवास योजना के अंतर्गत हर्रैया ब्लॉक के दस, विक्रमजोत के पांच लाभार्थियों को चाबी दिया। आईटीआई के चार प्रशिक्षुओं को टैबलेट, स्वयं सहायता समूह के पांच लाभार्थियों को सहायता राशि और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत दो लाभार्थियों को डेमो चेक वितरित किया। डिप्टी सीएम ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश का जो तीव्र गति से विकास हो रहा है उसमें सबसे बड़ा योगदान जनता का है क्योंकि यदि 2014 में जनता ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार न बनाई होती तो न राम मन्दिर बन पाता, न धारा 370 हट पाती, न अस्सी करोड़ जनता को मुफ्त राशन मिल पाता, न पांच करोड़ लोगों को मुफ्त आवास मिल पाता और न ही आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों का इलाज हो पाता।

उन्होंने कहा कि विपक्ष यूपी समेत पूरे देश में केवल जनता को गुमराह करने का काम कर रहा है। अखिलेश यादव और उनका सैफई परिवार कभी पिछड़ों का भला नहीं कर सकता। कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आप सभी आने वाले 2027 के विधानसभा के चुनाव में जिले की सभी पांचों सीटों पर कमल खिलाकर सपा को उसकी हैसियत बताने का काम करेंगे। कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार रहने पर केंद्र से जब एक रुपया चलता था तो लाभार्थी को मात्र पन्द्रह पैसा मिलता था। लेकिन आज हमारी सरकार में डीबीटी के माध्यम से सौ फीसदी धनराशि पारदर्शी ढंग से लाभार्थी को मिल रही है। विधायक अजय सिंह ने कहा कि डिप्टी सीएम केशव मौर्य के सहयोग से ही पूरे प्रदेश में हर्रैया विधानसभा की एक अलग पहचान है। कहा कि आज सैकड़ो सड़को का नव निर्माण हुआ, सैकड़ों का चौड़ीकरण हुआ, दर्जनों पुलों का निर्माण हुआ और इसके अलावा विभिन्न विभागों में बड़े पैमाने पर कार्य हुए इसमें सबसे बड़ा योगदान डिप्टी सीएम का है। महोत्सव में आल्हा के प्रसिद्ध कलाकार फौजदार सिंह ने अपनी विशिष्ट शैली और वीर रस से भरपूर आल्हा गायन से हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने लगन तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जायेगा, मछला हरज, वीर रस आल्हा आदि की विभिन्न प्रस्तुति दी। लोक गायिका प्रतिमा यादव ने अपनी टीम के साथ एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दिया। उन्होंने गौरा कवन तप कईलू, अयोध्या घुमाई दा पिया, कजरिया छाई रे हारी, सड़िया लाई द कलकतिया, राजा जी एकरे त रहल हा जरूरत आदि एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया। गोरखपुर दूरदर्शन की प्रसिद्ध कलाकार सृष्टि दूबे ने अपने गीतों से समां बांध दिया। उन्होंने पहिरि के साड़ी रे हारी, कईसे खेले जईबू सावन में कजरिया, तोहरा के बोलाइब ननदो, नई झुलनी के छैया बलम दुपहरिया बिताईला हो, तनी ताका न बालमुआ, रेलिया बैरन पिया को लिए जाय रे आदि एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया। प्रसिद्ध लोक गायक पंकज गोस्वामी ने मन्दिर का निर्माण जमाना देख रहा, पिया मेंहदी मगादा मोती झील से जाके साईकील से न, झुलनी के रंग सांचा हमार पिया आदि गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को झूमने को मजबूर कर दिया। संचालन मानवी सिंह ने किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, गो सेवा आयोग उपाध्यक्ष महेश शुक्ल, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, दयाराम चौधरी, सीपी शुक्ल, संजय जायसवाल, रवि सोनकर, यशकांत सिंह, सुशील सिंह, पवन कसौधन, ऐश्वर्यराज सिंह,

गो सेवा आयोग सदस्य दीपक गोयल, बाबा सरोज मिश्र, प्रत्यूष विक्रम सिंह, योगेन्द्र सिंह, श्रीश पाण्डेय, केके सिंह, कविता त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

160 सहायक अध्यापकों को दिया गया प्रशिक्षण

समेकित शिक्षा, ब्रेल लिपि, नई शिक्षा नीति आदि विषयों पर किए गए प्रशिक्षित

प्रयागराज। दिव्यांगजन की शिक्षा एवं पुनर्वास से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर सम्बद्ध हितधारकों के उन्मुखीकरण एवं दिव्यांगता से सम्बन्धित विषय वस्तु पर त्रिदिवसीय इन–सर्विस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन सरस केन्द्र, विकास भवन परिसर प्रयागराज किया गया। ट्रेनिंग कार्यक्रम का उद्घाटन 10 सितम्बर को अभय कुमार श्रीवास्तव, उप निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, प्रयागराज मण्डल एवं अशोक कुमार गौतम, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, प्रयागराज द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत 160 सहायक अध्यापकों को समेकित शिक्षा, ब्रेल लिपि, आरपी डब्ल्यूडी एक्ट–2016, न्यू एजुकेशन पॉलिसी आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।कार्यक्रम के समापन के अवसर पर आज मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी, प्रयागराज द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये जिसमें उप निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, प्रयागराज, श्रीनारायण यादव, सहायक अध्यापक राजकीय प्रयास विद्यालय, प्रतापगढ, डा० सुषमा सिंह, लवलेश सिंह एवं अन्य अधिकारी ६ कर्मचारी उपस्थित रहे।

छात्र की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज। यमुनानगर जोन में बुधवार को 12वीं के छात्र अवनीश पांडेय की हत्या के मामले में पुलिस ने गुरुवार देर रात दोनों हत्यारोपी छात्रों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच में पता लगा कि स्कूल के एक दोस्त का पक्ष लेने की वजह से अवनीश पांडेय की हत्या की गई थी। हत्यारोपी छात्र की विवाहिता बहन को अवनीश का दोस्त परेशान कर रहा था।

कुछ दिन पहले दोनों पक्षों में झड़प भी हुई थी, तब अवनीश ने अपने दोस्त का साथ देते हुए इसका विरोध किया था। जिसके बाद बुधवार को इंदिरा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज कुलमई लाल का पूरा करछना में अवनीश पांडेय की स्कूल के अंदर ही चाकुओं से गोद कर हत्या कर दी गई थी। अवनीश पांडेय के पिता अमित पांडेय ने छह लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। मृतक छात्र के पिता ने गढ़वाकला गांव के विजय कुमार पांडेय,रामेश्वर प्रसाद तिवारी व डिम्पू पांडेय और भराव गांव के पप्पू मिश्रा पर पुरानी रंजिश में हत्या की साजिश का आरोप लगाया था ।पुलिस नामजद विजय पांडेय को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी,लेकिन पुलिस ने जब हत्यारोपी दोनों छात्रों को गिरफ्तार किया तो पूरी कहानी बदल गई। आरोपी छात्र की बहन पहले इसी कॉलेज में पढ़ती थी। उस वक्त अवनीश पांडेय के एक दोस्त की छात्रा से गहरी दोस्ती थी। हालांकि वह छात्रा को शादी के बाद भी व्हाट्सएप चौट कर रहा था, फिलहाल पुलिस ने आधिकारिक रूप से इस बात का खुलासा नहीं किया है,पुलिस उपायुक्त यमुनानगर जोन विवेक चंद्र यादव ने बताया कि दोनों आरोपी छात्र गिरफ्तार कर लिए गए हैं, पुलिस फिलहाल आरोपों की गहनता से पड़ताल कर रही है,उन्होंने कहा जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।

बस्ती, प्रयागराज और सहारनपुर में 90 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

जनपद मुख्यालय पर 16 सितंबर से आरंभ हो जाएगा युवाओं का प्रशिक्षण

बस्ती युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उद्यान विभाग एक नई पहल के तहत मधुमक्खी पालन (एपिकल्चर) का व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। प्रदेश के सिर्फ बस्ती, प्रयागराज और सहारनपुर में चयनित युवाओं को 90 दिनों का निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से वे मधुमक्खी पालन को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में अपना सकें। उद्यान विभाग के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय मधुमक्खी एवं शहद मिशन (एनबीएचएम) के तहत संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर उन्हें स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षण के बाद लाभार्थियों को मधुमक्खी पालन यूनिट लगाने के लिए वित्तीय एवं तकनीकी सहायता भी दी जाएगी। प्रशिक्षण विषयवस्तु में मधुमक्खी के जीवन चक्र, बाक्स प्रबंधन, रानी मधुमक्खी की पहचान, शहद संग्रहण की तकनीक, विपणन और प्रसंस्करण आदि शामिल। प्रशिक्षित युवाओं को मधुमक्खी पालन के लिए आवश्यक उपकरण, शहद निकालने की मशीन, और मधुमक्खी के बक्से उपलब्ध कराने के लिए अनुदान की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्हें शहद विपणन में भी मदद दी जाएगी ताकि वे स्थानीय बाजार से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपने उत्पाद को पहुंचा सकें ।मधुमक्खी पालन एक कम लागत, लेकिन अधिक लाभ देने वाला व्यवसाय है। यह न केवल स्वरोजगार को बढ़ावा देता है बल्कि कृषि उत्पादन में भी सहायक होता है, क्योंकि मधुमक्खियां परागण का कार्य करती हैं ।इस कार्यक्रम से जुड़े युवाओं को न केवल शहद उत्पादन बल्कि मोम, रायल जेली, बी वैक्स जैसे अन्य उत्पादों की जानकारी भी दी जाएगी।

जागरण संवाददाता , बस्तीरू पुलिस को चकमा देकर गुरुवार की रात जेल गेट चौकी से फरार मुल्जिम को कोतवाली पुलिस ने खौरहवा से शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। पकड़ाया युवक जाकिर निवासी असाढ़ा थाना पश्चिम सरीरा, कौशांबी अपना धर्म छिपा कर सुभाष पुत्र राजू बन गया था। गैर समुदाय की युवती से करने की फिराक था। गौर पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर रात में जेल भेजने के लिए जिला कारागार आ रहे थे। जैसे ही उसे लेकर पुलिस अपनी कस्टडी में जेल चौकी स्थित पेट्रोल पंप पर पुलिस पहुंची। वह चकमा देकर फरार हो गया। पूरी रात गौर व कोतवाली पुलिस तलाश में जुटी रही। सुबह खौरहवा गांव के पास से उसे कोतवाली पुलिस ने बरामद कर लिया। शहर कोतवाल दिनेश चन्द्र चौधरी ने बताया कि आरोपति जाकिर को गौर पुलिस के कब्जे देकर उसे सुरक्षित जिला कारागार में भिजवा दिया गया है।

यह था कौशांबी के जाकिर उर्फ सुभाष का पूरा मामलागौर क्षेत्र के एक गांव की गैर समुदाय की युवती से शादी का हसरत पाल कर जाकिर कौशांबी जिले से आकर पिछले तीन महीने से गौर क्षेत्र में ठिकाना बनाया था। उसकी दोस्ती जरिए मोबाइल गौर थाना क्षेत्र के दूसरे संप्रदाय की एक युवती से हो गया। धीरे–धीरे बातचीत के दौरान दोनों ने एक दूसरे से शादी करने का मन बना लिया। प्रेमी कौशांबी से चलकर गौर थाना क्षेत्र में स्थित अपनी प्रेमिका के गांव पहुंच गया और उसी के घर किराए का कमरा लेकर रहने लगा। शादी में किसी तरह की अड़चन न आए इसके लिए वह अपना नाम बादल कर जाकिर की जगह सुभाष पुत्र राजू रख लिया था। गौर में स्थित एक दाढी– बाल बनाने की दुकान पर काम भी करने लगा। बुधवार को जब इसकी भनक गौर पुलिस को हुई तो वह पूछताछ के लिए उसे गौर थाने पर बुलाई पर वह थाना आने के बजाय भागने लगा पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया इसके बाद एसडीएम हर्रैया के कोर्ट में पेश किया गया। अदालत के आदेश पर पुलिस जेल ले जा रही थी रास्ते वह चकमा देकर फरार हो गया।

भैसहिया गांव में कैंसर से 8 मरीजों की मौत, 4 के बीमार होने से ग्रामीण परेशान

बस्ती। सामाजिक कार्यकर्ता बस्ती सदर विकास खण्ड क्षेत्र के भैसहिया निवासी पंकज यादव ने मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र देकर भैसहिया गांव में कैंसर मरीजों की बढती संख्या और लगभग 8 लोगों की मौत एवं 4 पीड़ितों के इलाज हेतु गांव में चिकित्सकों की विशेष टीम भेजकर कारणों की जांच और इलाज के प्रबन्ध की मांग किया था। मुख्य चिकित्साधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मरवटिया को निर्देश दिया है कि 7 दिनों के भीतर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें ।पंकज यादव ने बताया कि उनके गांव में कैंसर से मौत और 4 लोगों को कैन्सर हो जाने से ग्रामीण परेशान हैं और रोग का कारण नहीं समझ पा रहे हैं।

एशिया कप 2025 बांग्लादेश की 7 विकेट से जीत, हांगकांग की 3 दिन में दूसरी हार

अबू धाबी, एशिया कप 2025 के तीसरे मैच में बांग्लादेश ने हांगकांग पर सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की है. जहां हांगकांग की तीन दिनों में ये दूसरी हार है वहीं बांग्लादेश की ये हांगकांग पर पहली टी20 जीत है. इससे पहले हांगकांग 9 सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में 94 रनों से हार गया था.अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए एशिया कप 2025 के ग्रुप बी के मैच ने बांग्लादेश ने 144 रनों के लक्ष्य को 17.3 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया. कप्तान लिटन दास ने 39 गेंदों पर 59 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसकी वजह से उन्हें प्लेयर ऑफ दि मैच का अवॉर्ड दिया गया. 144 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, लिटन ने तौहीद हृदय (नाबाद 35) के साथ तीसरे विकेट के लिए 69 गेंदों पर 95 रनों की साझेदारी की. अफगानिस्तान के खिलाफ अपने पिछले मैच में सिर्फ 94$9 रन बनाने के बाद, हांगकांग ने बांग्लादेश के खिलाफ निजाकत खान और जीशान अली के क्रमशरू 42 और 30 रनों की बदौलत 143$7 का ज्यादा प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया, जबकि कप्तान यासिम मुर्तजा ने 19 गेंदों पर 28 रनों की तेज पारी खेलकर गति पकड़ी. लेकिन डेथ ओवरों में लगातार विकेट गिरने से हांगकांग के बड़े स्कोर की उम्मीदें कमजोर पड़ गईं.पहले गेंदबाजी करते हुए, बांग्लादेश के तस्कीन अहमद, तंजीद अहमद और रेशाद हुसैन ने 2–2 विकेट लिए. जबकि हांगकांग की ओर से अतीक इकबाल ने 2 और

आयूष शुक्ला ने एक विकेट लिया. टूर्नामेंट का चौथा मैच 12 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तन और ओमान के बीच खेला जाएगा.बांग्लादेश तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन इमोन, लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन, जेकर अली, महेदी हसन, तंजीम हसन, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमानहांगकांगरू जीशान अली (विकेटकीपर), अंशुमन रथ, बाबर हयात, निजाकत खान, कल्हन चल्लू, किंचित शाह, यासिम मुर्तजा (कप्तान), ऐजाज खान, आयुष शुक्ला, अतीक इकबाल और एहसान खान

डी गुकेश को लगातार तीसरे मुकाबले में मिली हार

0-फिडे ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट से बाहर होने का मंडराया खतरा

नई दिल्ली,। फिडे ग्रैंड स्विस चेस टूर्नामेंट में भारतीय ग्रैंडमास्टर और वर्ल्ड चौंपियन डी गुकेश का बुरा दौर खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है. उन्हें एक के बाद एक लगातार तीन हार मिल चुकी है. जिससे भारतीय फैंस भी काफी निराश हैं. गुकेश को 11 सितंबर (गुरुवार) फिडे ग्रैंड स्विस 2025 टूर्नामेंट में अपनी तीसरी हार का सामना करना पड़ा है.गुकेश टूर्नामेंट के सातवें दौर में 16 वर्षीय तुर्की के ग्रैंडमास्टर एडिज गुरेल से हार गए. 19 वर्षीय गुकेश से अंतिम गेम में एक छोटी सी चूक हुई, जो उनकी हार का कारण बन गई. दरअसल उन्होंने अंतिम गेम में एक बिशप की गलती की जिसके बाद उनके विरोधी ने जीत दर्ज कर ली. फिडे ग्रैंड स्विस चेस टूर्नामेंट में डी गुकेश के सात मैचों में कुल 3 अंक हैं. उनके इस प्रदर्शन ने उनके लिए टूर्नामेंट में खतरे की घंटी बजा दी है. दरअसल अब उनको प्रतियोगिता में बने रहने के लिए अपने सभी मैच जीतने होंगे. यहां से अगर गुकेश को एक भी हार मिलती है तो वो सीधे टूर्नामेंट से बाहर हो सकते हैं.डी गुकेश को जैसे ही तुर्की के ग्रैंडमास्टर एडिज गुरेल हारने का एहसास हुआ वो हताश हो गए. अब उनके लिए वापसी करना काफी कठिन रहने वाला है. इससे पहले उन्हें अमेरिका के अभिमन्यु मिश्रा और ग्रीस के निकोलस थियोडोरो से हार का सामना करना पड़ा था. इस टूर्नामेंट में अन्य मुकाबलों की बात करें तो, भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने ईरान के परम मघसूदलू को हराकर रोमांचक जीत दर्ज की और बढ़त हासिल ग्रैंडमास्टर मैक्सिम रोडश्टाइन को हराकर 4.5 अंक हासिल किए और

कर ली. निहाल सरीन के साथ जर्मन ग्रैंड मास्टर मैथियास ब्लूबाम टॉप पर हैं. ब्लूबाम ने अर्जुन एरिगैसी को हराया था. इन दोनों के 5.5 अंक हैं. आर प्रज्ञानंद ने इजराइली वो संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं महिला वर्ग में गत चैंपियन वैशाली रमेशबाबू ने चीनी आईएम गुओ क्यूई को हराकर अपनी पांचवीं जीत दर्ज की है जबकि जीएम दिव्या देशमुख ने भी जीत हासिल की है

रोहित शर्मा की पोस्ट पर पत्नी रितिका ने किया रिएक्ट, बिना बोले कह दी अपनी बात

रोहित शर्मा टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब सिर्फ वनडे फॉर्मेट में खेलते हुए दिखेंगे। वहीं रोहित अब अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी शुरू कर दी है। वह नेट में पसीना बहाते दिख रहे हैं। एक दिन पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने ट्रेनिंग सेशन का एक वीडियो क्लिप शेयर किया। टीम इंडिया के हिटमैन यानी रोहित शर्मा टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब सिर्फ वनडे फॉर्मेट में खेलते हुए दिखेंगे। वहीं रोहित अब अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी शुरू कर दी है। वह नेट में पसीना बहाते दिख रहे हैं। एक दिन पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने ट्रेनिंग सेशन का एक वीडियो क्लिप शेयर किया जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा कि, अच्छा महसूस हो रहा। उस पोस्ट पर उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने अपने रिएक्शन से बिना कुछ कहे बहुत कुछ कह दिया।रोहित शर्मा ने जो वीडियो क्लिप शेयर किया है वो दरअसल, उनके स्ट्रोक्स का एक मोन्टाज है। वीडियो में वह नेट में उतरते हुए दिख रहे हैं और उस पर लिखा हुआ है मैं फिर यहां हूं ये वाकई बहुत अच्छा लगता है। वह स्टांस लेते हैं और फिर अपने ट्रेडमार्क स्टाइल में तमाम शॉट्स लगा रहे हैं और जरूरत पड़ने पर डिफेंस भी। रितिका सजदेह का रिएक्शन रोहित शर्मा के फैंस का दिल जीत रहा है। वह हिटमैन के करियर के हरउतार–चढ़ाव की साक्षी रही हैं। हर खुशी में शरीक हैं तो हर मुश्किल समय में वह उनके साथ चट्टान की तरह खड़ी रही हैं।

20 वर्षीय भारतीय शटलर आयुष शेट्टी ने मचाया धमाल

0-हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में मारी धमाकेदार एंट्री

नई दिल्ली, भारतीय बैडमिंटन जगत में एक नए सितारे का उदय हुआ है. भारत के 20 वर्षीय शटलर आयुष शेट्टी ने कमाल कर दिया है. आयुष ने हांगकांग ओपन सुपर 500 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है. उन्होंने एक शानदार मुकाबले में हुए 2023 विश्व चौंपियनशिप के रजत पदक विजेता जापान के पूर्व वर्ल्ड नंबर 2 कोडाई नाराओका को हराकर धमाकेदार जीत दर्ज की है. आयुष शेट्टी ने कोडाई नाराओका को हराकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है, जहां वो सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी और लक्ष्य सेन के साथ अगले दौर में नजर आएंगे. उन्होंने 72 मिनट तक चले मुकाबले में काफी शानदार खेल दिखाया और मुकाबले को 21–19, 12–21, 21–14 से जीत लिया. ये मुकाबला एक घंटे से ज्यादा चला जिसमें भारतीय शटलर ने अपने विरोधी को चौंका दिया.आयुष शेट्टी की इस जीत को टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर माना जा रहा है. कर्नाटक के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी जून में यूएस ओपन सुपर 300 जीता था. आयुष की बेहतरीन कोर्ट कवरेज और तेज शॉट लगाने की क्षमता ने निर्णायक गेम पर उनका साथ दिया और उन्हें जीत दिलाने में मदद की. ये उनके

नए नवेले करियर की सबसे बड़ी जीत है.आपको बता दें कि हांगकांग ओपन 2025 के मेंस सिंग्लस में अब आयुष अपने प्रशिक्षण साथी और हमवतन खिलाड़ी लक्ष्य सेन के खिलाफ उतरेंगे, जहां दोनों भारतीय खिलाड़ियों को बीच एक रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला जाएगा. ये दोनों ही प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी से हैं.लक्ष्य ने अपने हमवतन एचएस प्रणय को 15–21, 21–18, 21–10 से हराकर टूर्नामेंट में जबरदस्त वापसी की है. ये मार्च के बाद से लक्ष्य का यह पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर क्वार्टर फाइनल है. भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने एक बार फिर अपना जलवा दिखाया और थाईलैंड के चालोएम्पोन सुकफुन और ननथाकर्ण तीरात्सकुल को तीन गेम में हरा दिया. दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी सात्विक–चिराग ने पहला गेम 18–21 से हारने के बाद वापसी की और अगले दो गेम 21–15, 21–11 से जीतकर मैच अपने नाम किया. क्वार्टर फाइनल में उनका अगला मुकाबला मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा.

रजत पाटीदार ने हवा में उझलकर लपका हैरतअंगेज कैच,

रजत पाटीदार ने इस दौरान एक हैरतअंगेज लपका और सुर्खियों में छा गए। पाटीदार ने दूसरी स्लिप से दौड़ लगाकर सिली पॉइंट के हाथ से छूटे कैच को आगे डाइव लगाकर पकड़ा। इस कैच का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।सेंट्रल जोन और साउथ जोन के बीच बेंगलुरु के सीईजी ग्राउंड पर दलीप ट्रॉफी 2025 का फाइनल खेला जा रहा है। सारांश जैन और कुमार कार्तिकेय की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत सेंट्रल जोन ने साउथ जोन की पहली पारी केवल 149 रन पर समेट दी। सेंट्रल जोन के कप्तान रजत पाटीदार ने इस दौरान एक हैरतअंगेज लपका और सुर्खियों में छा गए। पाटीदार ने दूसरी स्लिप से दौड़ लगाकर सिली पॉइंट के हाथ से छूटे कैच को आगे डाइव लगाकर पकड़ा। इस कैच का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। ये घटना साउथ जोन की पारी के 49वें ओवर की है। ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने तीसरी गेंद फ्लाइट देते हुए गुड लेंथ स्पॉट पर डाली, जिस पर सलमान निजार फ्रंटफुट डिफेंस करने गए। हालांकि, गेंद उनके बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगकर सिली पॉइंट्स के फील्डर की तरफ गई। सिली पॉइंट्स के फील्डर ने दाएं ओर हाथ लगाया और एक हाथ से कैच लपकने का प्रयास किया। हालांकि, गेंद उनके हाथ से फिसल गई। दूसरी स्लिप में मौजूद कप्तान रजत पाटीदार ने सिली पॉइंट के फील्डर की तरफ दौड़ लगाई और फिर आगे डाइव लगाकर जबरदस्त कैप लपका। पाटीदार के इस कैच की जमकर तारीफ हो रही है और सोशल मीडिया पर ये क्लिप आग की तरफ फैली। सलमान निजार ने 52 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 24 रन बनाए। बता दें कि, सेंट्रल जोन के ऑफ स्पिनर सारांश जैन और कुमार कार्तिकेय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए साउथ जोन को पहले ही दिन पहली पारी में 149 रन पर समेट दिया। सारांश जैन ने 24 ओवर में दो मेडन सहित 49 रन देकर पांच विकेट झटके। वहीं, कुमार कार्तिकेय ने 21 ओवर में एक मेडन सहित 53 रन देकर चार विकेट चटकाए। सेंट्रल जोन ने दूसरे दिन खबर लिखे जाने तक 100 रन से ज्यादा की बढ़त हासिल की थी।

एशिया कप में भारत-पाकिस्तान में से किसका पलड़ा भारी? देखें दोनों टीमों के हेड टू हेड रिकार्ड

भारत–पाकिस्तान की टक्कर 14 सितंबर, रविवार को दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में होगी। इस मैच का इंतजार दुनियाभर के लाखों लोगों को है। वहीं इस मुकाबले में किसका पलड़ा भारी है, ये जानने के लिए दोनों टीमों के आंकड़े हमारी इस रिपोर्ट में देखें।एशिया कप 2025 के सबसे बड़े मुकाबले में से एक भारत–पाकिस्तान की टक्कर 14 सितंबर, रविवार को दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में होगी। इस मैच का इंतजार दुनियाभर के लाखों लोगों को है। वहीं इस मुकाबले में किसका पलड़ा भारी है, ये जानने के लिए दोनों टीमों के आंकड़े हमारी इस रिपोर्ट में देखें। भारत और पाकिस्तान के बीच अबतक कुल 13टी20 मैच हुए हैं, जिसमें से 9 मुकाबले भारत जीता और 3 में पाकिस्तान को जीत मिली। पाकिस्तान ने भारत के खिलाप आखिरी टी20 मुकाबला एशिया कप में ही जीता था। साल 2022 में हुए मैच में भारत को उसने 5 विकेट से

हराया था। लेकिन उसके बाद हुए दो मुकाबलों में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को मात दी। एशिया कप के वनडे फॉर्मेट की बात करें तो दोनों टीमों के बीच कुल 15 मैच हुए, 5 पाकिस्तान जीता और 8 मुकाबले भारत ने जीते, 2 मैच बेनतीजा हे। आपको बता दें कि, वनडे फॉर्मेट में एशिया कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान को आखिरी जीत साल 2014 में मिली थी। वहीं वर्तमान की बात करें तो भारत की टीम पाकिस्तान पर काफी ज्यादा भारी है। भारत दुनिया की नंबर–1 टी20 टीम है। दुनिया के टॉप 2 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा एशिया कप में खेल रहे हैं। उनके अलावा सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ी भी टीम में हैं। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह भी टीम में हैं। वहीं दुनिया के बेस्ट स्पिनर्स में से एक कुलदीप यादव भी कमाल की फॉर्म में हैं।

पिछले 30 सालों से हार का दबाव... पाक पूर्व कप्तान ने बताया भारत के खिलाफ पाकिस्तान की हार का कारण

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ के बयान ने सनसनी फैला दी है। पूर्व कप्तान का मानना है कि चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ अक्सर भावनाएं हावी हो जाती हैं, जिसकी वजह से पाकिस्तान को अहम मैच गंवाने पड़े हैं।एशिया कप 2025 का महामुकाबला 14 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। हालांकि, इस मुकाबले से पहले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान के बयान ने सनसनी फैला दी है। पूर्व कप्तान का मानना है कि चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ अक्सर भावनाएं हावी हो जाती हैं, जिसकी वजह से पाकिस्तान को अहम मैच गंवाने पड़े हैं। वहीं, राजनीतिक तनाव के कारण दोनों पड़ोसी देशों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट एक दशक से भी ज्यादा समय से बंद है। उनके मुकाबले

आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट तक ही सीमित हैं। पिछले 10 सालों में ये प्रतिद्वंद्विता काफी हद तक एकतरफा रही है, जिसमें भारत ने 15 में से 12 मैच जीते हैं। अब एशिया कप में दोनों एक बार फिर टकराएंगे। वहीं ऐसे में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान में राशिद लतीफ ने पीटीआई से कहा कि, हम भावुक या अति उत्साहित हो जाते हैं और एक ही बार में सब कुछ करने की कोशिश करते हैं। हम भारत के खिलाफ मैच को ज्यादा आगे नहीं ले जाते और इसी वजह से पाकिस्तान हार जाता है। दूसरी ओर, भारत पिच और मैच की स्थिति के अनुसार खेलता है। इसलिए वे सफल होते हैं। पाकिस्तान पर पिछले 30 सालों से दबाव है। इसलिए शायद भारत इसका फायदा उठाने की कोशिश करेगा। लतीफ का मानना है कि हार्दिक पंड्या के फिनिशिंग क्षमता, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के होने से टीम इंडिया को संतुलन मिलता है। वहीं, जसप्रीत बुमराह की बेजोड़ यॉर्कर के साथ भारत की संयम बनाए रखने की क्षमता, उन्हें इस समय एक पूर्व टीम बनाती है। लतीफ ने कहा कि, हार्दिक पंड्या एक खतरनाक खिलाड़ी हैं। मध्यक्रम के खिलाड़ी या नीचे आने वाले खिलाड़ी खेल को बदल सकते हैं। पांड्या ने ऐसा एक बार नहीं, बल्कि कई बार किया है। जो अद्भुत है और इसीलिए उन्हें एक्स फैक्टर कहा जाता है। वह खेल को पूरी तरह से बदल सकते हैं। अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी संतुलन लाते हैं। गेंदबाजी में बुमराह एक घातक हथियार हैं। कुल मिलाकर, ये एक बहुत अच्छी टीम है।

अयोग्य 97 लाख वाहनों को कबाड़ में बदलने से मिलेगा 40,000 करोड़ रुपये जीएसटी: गडकरी

गडकरी ने ऊर्जा सुरक्षा एवं ईंधन आयात पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि भारत हर साल 22 लाख करोड़ रुपये के पेट्रोल–डीजल ईंधन का आयात करता है और कृषि से एथनॉल उत्पादन बढ़ाकर आयात पर निर्भरता कम की जा सकती है।केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवरको कहा कि यदि देश में सभी 97 लाख अयोग्य एवं प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को कबाड़ में तब्दील कर दिया जाए तो केंद्र और राज्यों को जीएसटी के रूप में 40,000 करोड़ रुपये तक का लाभ होगा। उन्होंने बताया कि अगस्त महीने तक तीन लाख वाहन कबाड़ घोषित किए जा चुके हैं जिनमें 1.41 लाख सरकारी वाहन भी शामिल हैं।गडकरी ने वाहन कलपुर्जा विनिर्माताओं के निकाय एक्मा के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हमारे अनुमान के मुताबिक करीब 97 लाख वाहनों को कबाड़ में बदलने की जरूरत है। ऐसा होने पर 70 लाख नौकरियां पैदा होंगी और केंद्र एवं राज्यों को जीएसटी राजस्व के तौर पर करीब 40,000 करोड़ रुपये मिलेंगे।गडकरी ने कहा कि वर्तमान में हर महीने औसतन 16,830 वाहन स्क्रैप हो रहे हैं और निजी क्षेत्र ने इस क्षेत्र में 2,700 करोड़ रुपये का निवेश

किया है। सरकार ने पर्यावरण–अनुकूल तरीके से चलने के अयोग्य हो चुके एवं प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को चरणबद्ध ढंग से हटाने के लिए स्वैच्छिक वाहन बेड़ा आधुनिकीकरण कार्यक्रम (वी–वीएमपी) लागू किया हुआ है।मोटर वाहन नियमों के तहत वाणिज्यिक वाहनों के लिए फिटनेस जांच करानाअनिवार्य है। यह जांच आठ साल तक हर दो साल पर करना होता है और फिर हर साल करना जरूरी होता है। निजी वाहनों के मामले में फिटनेस जांच 15 साल की अवधि। पूरी होने के बाद करानी होती है। सरकारी वाहनों की उपयोग अवधि 15 साल के बाद समाप्त हो जाती है।गडकरी ने ऊर्जा सुरक्षा एवं ईंधन आयात पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि भारत हर साल 22 लाख करोड़ रुपये के पेट्रोल–डीजल ईंधन का आयात करता है और कृषि से एथनॉल उत्पादन बढ़ाकर आयात पर निर्भरता कम की जा सकती है।

ई–20 पेट्रोल फिलहाल छोटे इंजन संशोधनों के साथ इस्तेमाल किया जा रहा है जबकि ई–27 की मिलावट के बारे में कोई निर्णय सभी जांच पूरे होने के बाद ही लिया जाएगा। उन्होंने सड़क सुरक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 2023 में पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं जिनमें 1.8 लाख लोगों की मौत हुई। इनमें 66 प्रतिशत लोग 18–34 वर्ष की उम्र के थे। गडकरी ने भारत को आने वाले पांच वर्षों में दुनिया का अग्रणी वाहन उद्योग का विश्वास भी जताया।

खुदरा महंगाई 2.07: हुई, पर चिंता नहीं! त्ठप् ने घटाया अनुमान, विकास पर फोकस

अगस्त 2025 में भारत की खुदरा महंगाई दर बढ़कर 2.07: हो गई, जो जुलाई के 1.61: से अधिक है। सब्जियों और मांस जैसी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के बावजूद, यह आंकड़ा भारतीय रिजर्व बैंक (त्ठप्) के 2–6: के लक्ष्य के भीतर है, जिससे केंद्रीय बैंक को आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने की गुंजाइश मिली है। हाल ही में रेपो दर में कटौती और वर्ष 2025–26 के लिए मुद्रास्फीति पूर्वानुमान को 3.7: तक घटाना इसी दिशा में एक स्पष्ट संकेत है।सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापी गई भारत की खुदरा मुद्रास्फीति, साल–दर–साल आधार पर अगस्त 2025 में मामूली रूप से बढ़कर 2.07 प्रतिशत हो गई। जुलाई की तुलना में अगस्त 2025 की मुख्य मुद्रास्फीति में यह 46 आधार अंकों की वृद्धि है। अगस्त, 2024 की तुलना में अगस्त, 2025 के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) पर आधारित वर्ष–दर–वर्ष खाद्य मुद्रास्फीति दर – 0.69: (अनंतिम) है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए संगत मुद्रास्फीति दरें क्रमशः –0.70: और –0.58: हैं।अगस्त, 2025 के दौरान

मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से सब्जियों, मांस और मछली, तेल और वसा, अंडे आदि की मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण है। मंत्रालय के अनुसार, अगस्त महीने में साल–दर–साल उच्च मुद्रास्फीति वाले शीर्ष पाँच प्रमुख राज्य केरल, कर्नाटक, जम्मू और कश्मीर, पंजाब और तमिलनाडु थे। हालाँकि, मुद्रास्फीति दर भारतीय रिजर्व बैंक (त्ठप्) द्वारा निर्धारित 2–6 प्रतिशत के प्रबंधनीय दायरे में है। जुलाई में, खुदरा मुद्रास्फीति तेजी से घटकर 1.55 प्रतिशत हो गई, जो जून 2017 के बाद से सबसे निचला स्तर है। खाद्य कीमतें भारतीय नीति निर्माताओं के लिए चिंता का विषय थीं, जो खुदरा मुद्रास्फीति को लगभग 4 प्रतिशत पर बनाए रखना चाहते थे।

मुद्रास्फीति कई देशों के लिए चिंता का विषय रही है, जिनमें उन्नत अर्थव्यवस्थाएँ भी शामिल हैं, लेकिन भारत ने अपनी मुद्रास्फीति की दिशा को काफी हद तक नियंत्रित रखा है। आरबीआई ने अपनी बेंचमार्क रेपो दर को लगातार ग्यारहवीं बार 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा, और फिर फरवरी 2025 में लगभग पाँच वर्षों में पहली बार इसमें कटौती की। विश्लेषकों का मानना घ्घ्है कि मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहेगी, जिससे आरबीआई आर्थिक विकास को सहारा देने पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा। हाल ही में रेपो में की गई कटौती इसका एक स्पष्ट संकेत है।

देश में हर महीने 100 विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक करा रहे पंजीकरण- सेबी

यह टिप्पणी इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि इस साल भारत में इक्विटी, बॉन्ड, म्यूचुअल फंड और वैकल्पिक निवेश फंड सहित सभी क्षेत्रों में एफपीआई ने लगभग एक लाख करोड़ रुपये की निकासी की है।बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की संख्या में वृद्धि हो रही है। एफपीआई की पूंजी निकासी की चिंताओं के बीच इन संस्थाओं की संख्या बढ़ रही है।भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने कहा कि हर महीने 100 विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक पंजीकरण करा रहे हैं और यह संख्या एक साल पहले की मासिक दर से ज्यादा है।नारायण ने यहां निदेशक मंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''पंजीकरण की गति एक साल पहले की तुलना में तेज है।'' उन्होंने कहा कि एफपीआई की कुल संख्या अब 12,000 को पार कर गई है जबकि एक साल पहले यह संख्या 10,500 थी। यह टिप्पणी इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि इस साल भारत में इक्विटी, बॉन्ड, म्यूचुअल फंड और वैकल्पिक निवेश फंड सहित सभी क्षेत्रों में एफपीआई ने लगभग एक लाख करोड़ रुपये की निकासी की है। बारह सितंबर तक के आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी क्षेत्र में पूंजी निकासी 1.41 लाख करोड़ रुपये रही।

टाक शो टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल की रीलीज डेट आई सामने, 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर होगी स्ट्रीम

प्राइम वीडियो के नए टाक शो टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल का ऐलान कर दिया है. इसका ग्लोबल प्रीमियर 25 सितंबर को होगा. इस टाक शो का हर गुरुवार एक नया एपिसोड रिलीज किया जाएगा. बता दें कि यह प्राइम वीडियो का नया अनस्क्रिप्टेड ओरिजिनल शो है, जिसमें पहली बार काजोल और ट्विंकल खाा को–होस्ट के रूप में एक साथ नजर आएंगी.इसके अलावा, शो के पहले सीजन में दर्शकों को बेहद शानदार और ग्लैमरस गेस्ट लिस्ट भी देखने को मिलेगी, जो इसे और भी खास बनाएगी. काजोल की एनर्जेटिक पर्सनैलिटी और ट्विंकल खाा के ट्रेडमार्क सेंस आफ ह्यूमर के साथ, यह टाक शो जिसे बनिजे एशिया ने प्रोड्यूस किया है, वो दर्शकों को जाने माने कुछ सबसे बड़ी और नामी हस्तियों के साथ मनोरंजन का अनलिमिटेड डोज, बिना फिल्टर किए हुए पलों का मजा, ढेर सारी हंसी और सरप्राइज देने वाला है.प्राइम वीडियो इंडिया के डायरेक्टर और हेड आफ ओरिजिनल्स, निखिल माधोक का कहना है, टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल सिर्फ एक आम सेलिब्रिटी चौटर नहीं है, बल्कि यह स्टार–स्टडेड गेस्ट लाइनअप के साथ ताजा, सीधी और एंटरटेनिंग बातचीत का मेल होने वाला है. यह आडियंस को ढेर सारी हाजिर–जवाबी, दिल से किए गए खुलासे और थोड़ी–सी शरारत से भरे पल भी देगा.

वो आगे कहते हैं, हमारा शो दो जबरदस्त होस्ट के इर्द–गिर्द है, जिनकी हाजिर–जवाबी और बेबाकी हर बातचीत में झलकती है, जो आडियंस को पूरी तरह से अपने साथ बांधे रखने वाली हैं.

बानिजे एशिया और एंडिमोल शाइन इंडिया की ग्रुप चीफ डेवलपमेंट आफिसर मृणालिनी जैन ने कहा, टू मच शो में काजोल और ट्विंकल सिर्फ होस्ट के रूप में नहीं, बल्कि खास आवाजों, जिज्ञासु विचारों और मजबूत इंस्टिंक्ट्स वाली महिलाओं के रूप में दिखाई देंगी. बिना फिल्टर, मजेदार और पूरी तरह से ईमानदार तरीके से यह शो इस बारे में है कि वे क्या पूछना चाहती हैं, उन्हें किस बात की परवाह है, और वे खुद को कैसे पेश करती हैं, वह आगे कहती हैं, कुछ सेलिब्रिटी इस शो में ऐसी बाते बताएंगे जो हमने पहले कभी नहीं सुना होगा, प्राइम वीडियो में हमें एक ऐसा पार्टनर मिला है, जिसने ऐसे शो को सपोर्ट किया जो सिफ ́सेलिब्रिटी नहीं, बल्कि बातचीत को सेलिब्रेट करता है और यही बात इस फार्मेट को इतना नया बनाती है.

अनुराग कश्यप की निशांची का ट्रेलर जारी, जबरदस्त एक्शन करते दिखे ऐश्वर्य ठाकरे

अनुराग कश्यप की नई फिल्म निशांची का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो काफी जबरदस्त है। यह एक प्योर देसी मसाला फिल्म है, जो दर्शकों को सीट से बांधे रखेगी। निशांची में एक्शन, ड्रामा, रोमांस और कामेडी के साथ मां का प्यार और पूरी फिल्मी दुनिया का मजा भी है। इस फिल्म से ऐश्वर्य ठाकरे डेब्यू कर रहे हैं और वह डबल रोल में नजर आएंगे ।फिल्म निशांची का ट्रेलर दर्शकों को 2000 के दशक की शुरुआत में, सीधे उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर की चहल–पहल भरी गलियों में ले जाता है। वहां बबलू निशांची, रंगीली रिंकू और डबलू की जिंदगियां अचानक और अनोखे तरीके से टकराती हैं। सीन ऐसे हैं कि सीट से उठने नहीं देंगे। जबरदस्त एक्शन और चेजिंग सीक्वेंस और सीटीमार डायलाग से लबरेज निशांची जोरदार टकराव, प्यार और तड़प के नाजुक पलों के साथ एक ऐसी दुनिया रचता है, जो जितनी अव्यवस्थित है उतनी ही आकर्षक भी। निशांची के ट्रेलर में रोमांच, कामेडी और देसी अंदाज के साथ–साथ विद्रोह, रोमांस और रायवलरी भी है।

निशांची की कहानी दो जुड़वा भाइयों– बबलू और डबलू, की रोमांचक जिंदगी पर आधारित है। ये दोनों एक–दूसरे की तरह दिखते तो हैं, लेकिन उनके विचार और मान्यताएं बिल्कुल अलग हैं। इस फिल्म को अजय राय और रंजन सिंह ने जार पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। स्क्रीनप्ले प्रसून मिश्रा, रंजन चंदेल और अनुराग कश्यप ने लिखा है। निशांची में वेदिका पिंटो, मोनिका पंवार, मोहम्मद जीशान अय्यूब और कुमुद मिश्रा जैसे दमदार कलाकार हैं। यह फिल्म 19 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होगी ।निशांची को लेकर फिल्म के डायरेक्टर अनुराग कश्यप ने कहा, यह एक कहानी है, जिसे मैं कई सालों से अपने साथ लेकर चल रहा हूं। यह मेरी सबसे सिनेमाई फिल्म है, जिसमें एक क्लासिक कहानी है, जो भावना, विश्वासघात, एक्शन और उन सभी

चीजों से भरी है, जो मुझे हिंदी फिल्मों में बचपन से पसंद रहा है। ऐश्वर्य, वेदिका, मोनिका, जीशान, कुमुद और फिल्म के हर एक एक्टर ने सिर्फ एक्टिंग नहीं की, बल्कि किरदारों को जिया और महसूस किया। कहानी के प्रति उनकी कमिटमेंट और उनकी एक्टिंग की प्रामाणिकता फिल्म में झलकती है। और मेरी टीम ने भी हर फ्रेम में वही जुनून दिखाया, जिससे फिल्म इतनी शानदार बनी ।अनुराग कश्यप ने हाल ही बताया था कि वह पहले निशांची को सुशांत सिंह राजपूत के साथ बनाने वाले थे। उनकी पहली पसंद वही थी, पर एक्टर ने धर्मा प्रोडक्शन्स की दो बड़ी फिल्में मिलने के बाद अनुराग से बात करना बंद कर दिया था। अनुराग ने फिर किसी और के साथ यह फिल्म बनाने का फैसला किया। वहीं, सुशांत की साल 2020 में मौत हो गई ।वहीं, निशांची में बबलू और डबलू का किरदार निभा रहे शिव सेना के संस्थापक बाल ठाकरे के पोते ऐश्वर्य ठाकरे ने कहा, निशांची हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रहेगी, सिर्फ इसलिए नहीं कि यह मेरी पहली फिल्म है, बल्कि इसलिए

डायना पेंटी ने बताया, डू यू वाना पार्टनर शो में उन्हें क्या सबसे ज्यादा भाया

वेब सीरीज डू यू वाना पार्टनर बहुत जल्द ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। इसमें डायना पेंटी, तमाा भाटिया, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नकुल मेहता, नीरज काबी, सूफी मोतीवाला और रणविजय सिंह जैसे सितारे हैं।

डू यू वाना पार्टनर की रिलीज से पहले डायना पेंटी ने सीरीज की खासियत के बारे में बताया। डायना ने यह भी रिवील किया कि उन्होंने इस सीरीज को क्यों चुना। अभिनेत्री ने बताया कि इसकी स्क्रिप्ट को सुनने के बाद काफी आकर्षित हुईं।

डायना पेंटी ने कहा, दोनों लड़कियों

की दोस्ती ने मुझे अपनी ओर आकर्षित किया। मेरे मन में पहला ख्याल यही आया कि मैं रियल लाइफ में ऐसा करती। मुझे लगा कि यह बहुत ही खूबसूरती से लिखा गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह बहुत ही वास्तविक है। मैं भी अपनी सबसे अच्छी दोस्त के साथ ऐसे ही बातचीत करती या बस वे चीजें करती, जो इसमें लिखी थीं। कुछ भी बढ़ा–चढ़ाकर नहीं लिखा गया था। बस बहुत ही रोजमर्रा की और बहुत ही वास्तविक कहानी, जिस तरह से वे साथ घूमती हैं, साथ में पार्टी करती हैं। उन्होंने साथ मिलकर एक व्यवसाय शुरू किया है, उनकी कठिनाइयां, झगड़े, बहस, सब कुछ बिल्कुल स्वाभाविक था और हमारी दोस्ती में जो हम देखते हैं, उसके बिल्कुल अनुरूप था ।डू यू वाना पार्टनर में दो सहेलियों की कहानी है, जो खुद का अल्कोहल ब्रांड लान्च करने के लिए पार्टनर बन जाती हैं ।डायना ने आगे कहा, यह मेरे लिए एक ताजगी भरी बात थी क्योंकि मुझे नहीं लगता, मेरा मतलब है कम से कम मुझे तो ऐसा नहीं लगता, मैं हाल ही में किसी ऐसे शो या फिल्म के बारे में नहीं सोच सकती, जिसमें दो लड़कियां हैं, दो लड़कियों की दोस्ती शो या फिल्म का मुख्य पहलू हो। यह तथ्य कि दोनों लड़कियां ऐसे युग में यह नया बिजनेस शुरू कर रही हैं, जहां स्टार्टअप ही सब कुछ है। पिछले कुछ समय में स्टार्टअप कल्चर बहुत तेजी से बढ़ा है। इसलिए यही सब बातें थीं, जिन्होंने मुझे वास्तव में इस स्क्रिप्ट की ओर आकर्षित किया। सीरीज डू यू वाना पार्टनर आज 12 सितंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी

बाक्स आफिस पर बागी 4 की कमाई की रफ्तार धीमी, छठे दिन रहा ऐसा हाल

टाइगर श्राफ, संजय दत्त और हरनाज संधू और सोनम बाजवा जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म बागी 4 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है। यह फिल्म पहले दिन से ही बाक्स आफिस पर औसत कमाई कर रही है और इसने 6 दिन में 42 करोड़ रुपये कमाए हैं। कामकाजी दिनों में फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट जारी है। आइए जानें बागी 4 ने छठे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बाक्स आफिस आंकड़ों का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, बागी 4 ने छठे दिन 2.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस तरह 6 दिन में फिल्म ने 42 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। फिल्म ने 12 करोड़ रुपये के साथ बाक्स आफिस पर अपना खाता खोला था, वहीं दूसरे दिन यह 9.25 करोड़ रुपये और तीसरे दिन

10 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। चौथे दिन फिल्म ने 4.5 करोड़ रुपये और पांचवें दिन 4 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म की कहानी में दिखाया गया है कि रानी (टाइगर) 7 महीने तक कोमा में रहने के बाद होश में आता है और अपनी प्रेमिका (हरनाज) को खोने के गम से टूट जाता है। हालांकि, हर कोई उसे ये बताता है कि उसकी कोई गर्लफ्रेंड नहीं थी और ये उसका बस वहम है, वहीं दूसरे हाफ में संजय (चाको) की लव स्टोरी दिखाई गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान ए हर्ष ने संभाली है। साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं।

बैड्स आफ बालीवुड का नया गाना तेनु की पता जारी, दिलजीत दोसांझ ने लगाए सुर

आर्यन खान निर्देशित फिल्म द बैड्स आफ बालीवुड का तीसरा गाना तेनु की पता रिलीज हो गया है. आर्यन खान ने ना सिर्फ से प्रोजेक्ट से डायरेक्शन और राइटर के सेक्टर में डेब्यू किया है, बल्कि सिंगिंद में भी डेब्यू किया है. जी हां, शाहरुख खाान ने डायरेक्शन के साथ–साथ सिंगिंग की भी दुनिया में कदम रख दिया है.दिल को छू लेने वाले तू पहली तू आखिरी और बदली सी हवा है के बाद, एल्बम का तीसरा ट्रैक आ गया है. द बैड्स आफ बालीवुड के मेकर्स नेतीसरा गाना तेनु की पता रिलीज किया.इसे सोशल मीडिया पर साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, इरादा? क्लियर है. वाइब क्लियर है. तेनु की पता आउट. 18 सितंबर को द बैड्स आफ बालीवुड देखें सिर्फ नेटफ्लिक्स पर. इस गाने में मशहूर रैपर बादशाह दिखाई देते हैं और मनोज पाहवा के साथ उनका मुकाबला होता है.तेनु की पता वाला यह जबरदस्त ट्रैक जोश और ऊर्जा से भरपूर है. इस गाने में बोल्ड बीट्स, लय और बेबाकता को महसूस किया जा सकता है. यह गाना लोगों को थिरकने पर मजबूर कर देगा. पंजाबी लय और आधुनिक प्रोडक्शन का मिश्रण इस गाने को बोल्ड और अप्रत्याशित बनाता है, जिससे यह एल्बम दर्शकों के लिए नयापन महसूस कराता है.यह गाना एक खास सरप्राइज के साथ आया है. इस गाने के साथ आर्यन खान सिंगिंग में डेब्यू कर रहे हैं और इस गाने के कुछ चुनिंदा हिस्सों को अपनी आवाज दे रहे हैं. उज्ज्वल गुप्ता ने इस गाने को कंपोज, अरेंज और प्रोड्यूज किया है. इस गाने में दिलजीत दोसांझ, उज्ज्वल गुप्ता और आर्यन खान ने अपनी आवाज दी है.टी–सीरीज के तहत रिलीज हुआ यह गाना आर्यन के उस दृ ष्टिकोण को दर्शाता है जिसमें वह

कहानी और संगीत को सहजता से मिलाते हैं. यह सुनिश्चित करते हुए कि हर गाना पूरे अनुभव को एक नया मूड और बनावट देता है.मेकर्स पहले ही बदली सी हवा है और तू पहली तू आखिरी जैसे दमदार दो गाने रिलीज कर चुके हैं, लेकिन तीसरा सिंगल दोसांझ के पंजाबी अंदाज और आधुनिक प्रोडक्शन के मिश्रण से माहौल में बदलाव दिखाता है.आर्यन खान की निर्मित और निर्देशित, सह–निर्माता बिलाल सिद्दीकी और मानव चौहान के साथ द बैड्स आफ बालीवुड का निर्माण रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है. इस शो में बाबी देओल, लक्ष्य, सहर बंबा, राघव जुयाल, मनोज पाहवा, मोना सिंह, मनीष चौधरी, अन्या सिंह, विजयंत कोहली, गौतमी कपूर और रजत बेदी जैसे दमदार कलाकार शामिल हैं. यह शो 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध ा होगा.

जान अब्राहम और शरवरी वाघए की वेदा ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक

जान अब्राहम की फिल्म वेदा 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन बाक्स आफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। 60 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म वेदा ने दुनियाभर में केवल 30 करोड़ रुपये का कारोबार किया। सिनेमाघरों में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद अब वेदा ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे दी है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं ।जी स्टूडियो ने वेदा का पोस्टर सा करते हुए लिखा, वेद और अभिमन्यु न्याय, स्वतंत्रता और समानता के लिए लड़ने के लिए तैयार हैं। वेदा के निर्देशन की कमान निखिल आडवाणी ने संभाली है। फिल्म की कहानी असीम अरोड़ा ने लिखी है। मोनिशा अडवाणी और मधु भोजवानी इसके निर्माता हैं। इस फिल्म में जान के साथ शरवरी वाघ नजर आई थीं। तमाा भाटिया और अभिषेक बनर्जी ने भी इसमें अपनी अदाकारी का तड़का लगाया था ।जान को पिछली बार फिल्म तेहरान में देखा गया था, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया। यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि सीध ा ओटीटी प्लेटफार्म जी5 पर रिलीज हुई थी। मानुषी छिल्लर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। जान की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म तारिक में नजर आएंगे। इसके अलावा जान के पास फिल्म फोर्स 3 भी है।

लहंगे में इतराई अमायरा दस्तूर, राधा गोरी गोरी भजन के साथ दिखा पारंपरिक अंदाज

अमायरा दस्तूर उन अभिनेत्रियों में से हैं, जो न सिर्फ अपनी खूबसूरती और अदाकारी से लोगों को प्रभावित करती हैं, बल्कि अपने पहनावे और स्टाइल से भी फैशन की दुनिया में एक खास पहचान रखती हैं। उनकी हर पोस्ट, हर लुक और हर वीडियो में आत्मविश्वास साफ झलकता है, जो उन्हें बाकी अभिनेत्रियों से अलग बनाता है। बुधवार को अमायरा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया, जो न सिर्फ उनके लुक को बल्कि उनके अंदाज को भी खूबसूरती से दर्शाता है। वीडियो में अमायरा ने एक बेहद खूबसूरत ग्रीनिश–ग्रे कलर का लहंगा पहना है, जो बारीक कढ़ाई और चमकीले वर्क से सजा हुआ है ।उनका ब्लाउज डीप नेकलाइन वाला है और उस पर की गई जरी की कढ़ाई देखने लायक है। इस लुक के साथ उन्होंने एक हल्की लेकिन एलीगेंट चोकर ज्वेलरी पहनी है और लंबे झुमकों से इसे पूरा किया है। उनका मेकअप काफी नेचुरल है। बाल खुले और स्ट्रेट हैं, जो इस पूरे ट्रेडिशनल अवतार के साथ बिल्कुल फिट बैठते हैं ।वीडियो में अमायरा कभी बैठकर कैमरे की तरफ मुस्कुराते हुए पोज देती हैं, तो कभी खुशी में घूमती हैं। उनका आत्मविश्वास और खुशी इस वीडियो में साफ नजर आता है। खास बात यह है कि इस वीडियो में अमायरा ने बैकग्राउंड म्यूजिक के तौर पर राधा गोरी गोरी भजन का इस्तेमाल किया है ।अमायरा दस्तूर ने महज 16 साल की उम्र में ग्लैमर की दुनिया में कदम रखा था। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने माडलिंग में किस्मत आजमाई और फिर एक्टिंग की दुनिया में एंट्री की। साल 2013 में उन्होंने फिल्म इश्क से बालीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में उनके साथ प्रतीक बब्बर नजर आए थे।

हालांकि, फिल्म को खास सफलता नहीं मिली, लेकिन अमायरा ने हार नहीं मानी। उन्होंने लगातार मेहनत की और धीरे–धीरे फिल्मों की दुनिया में अपनी जगह बनानी शुरू की। 2017 में उन्हें जैकी चेन के साथ कुंग फू योगा में काम करने का मौका मिला, जो उनके करियर के लिए बड़ा अवसर साबित हुआ।

इसके बाद अमायरा ने न सिर्फ हिंदी बल्कि तमिल, तेलुगु और पंजाबी फिल्मों में भी काम किया। उन्होंने इमरान हाशमी के साथ फिल्म मिस्टर एक्स में भी अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा वे ओटीटी प्लेटफार्म्स पर भी नजर आ चुकी हैं। वे तांडव और मुंबई मेरी जान जैसे शोज का हिस्सा रह चुकी हैं।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।